NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.



R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 15 अंकः 205 लखनऊ, बुधवार 18 मार्च 2026 मूल्यः 02 रूपये पृष्ठ- 08


## पीएम मोदी से सपरिवार मिले वरुण गांधी, क्या खत्म होगा सियासी वनवास? भाजपा में वापसी के संकेत?

एजेसी।
दिल्ली। लोकसभा टिकट कटने और बीजेपी से बढ़ती दूरियों के बीच वरुण गांधी ने सपरिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। इस मुलाकात को वरुण के राजनीतिक श्वनवासश के खत्म होने और पार्टी में उनकी संभावित वापसी की अटकलों से जोड़कर देखा जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद, नेहरू–गांधी परिवार के वरुण गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने परिवार की एक तस्वीर साझा की है। वरुण गांधी, जो कभी प्रधानमंत्री के करीबी थे, भाजपा की नीतियों, विशेष रूप से किसानों के प्रति उनकी नीतियों की आलोचना के कारण प्रधानमंत्री की नजरों से दूर हो गए थे। ऐसा लगता है कि वे अपने राजनीतिक भविष्य को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि कांग्रेस में शामिल



होने की उनकी उम्मीदें धराशायी हो गई हैं और यह राजनीतिक दृष्टि से भी अनुचित है। प्रधानमंत्री से उनकी निकटता ने कई लोगों को प्रभावित किया। वरुण गांधी ने एक्स पर लिखा कि परिवार सहित श्रद्धेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर उनका आर्शीर्वाद और मार्गदर्शन पाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपके आभामंडल में अद्भुत पितृवत स्नेह और संरक्षण का भाव है। आपसे हुई भेंट इस विश्वास को और भी दृढ़ बना देती है कि आप देश और देशवासियों के सच्चे अभिभावक हैं। पीलीभीत से तीन बार सांसद रहे वरुण गांधी को 2024 लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा का टिकट नहीं मिला था। उनकी मां मेनका गांधी भी टिकट से वंचित रह गई थी। तब मेनका गांधी ने एएनआई से बात करते हुए विश्वास व्यक्त किया था कि वरुण भविष्य में भी देश के लिए सकारात्मक योगदान देते रहेंगे। मेनका ने कहा था कि यह अंततः पार्टी का निर्णय है। वरुण ने एक प्रशंसनीय सांसद के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। जीवन में वह जो भी मार्ग चुनें, वह देश की सेवा में अपना योगदान देते रहेंगे। 1996 से पीलीभीत सीट पर लगातार मेनका गांधी या उनके बेटे वरुण का कब्जा रहा है। भाजपा सांसद वरुण गांधी ने 2009 और 2019 के चुनावों में जीत हासिल की।

## योगी सरकार ने 17 नगर निगमों में मनोनीत किए 170 पार्षद, निकायों में नई नियुक्तियों की अधिसूचना जारी

संवाददाता।
लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 17 नगर निगमों समेत नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों में सदस्यों को नामित किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने इस पर खुशी जाहिर करते हुए मनोनीत सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के शहरी स्थानीय निकायों के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूती प्रदान करते हुए पार्षदों के मनोनयन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। सोमवार को शासन द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, प्रदेश के सभी 17 नगर निगमों सहित नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में नए सदस्यों को नामित किया गया है। शासन से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार राज्ध्य के प्रत्ध्येक नगर निगमों में 10–10 पार्षद मनोनीत किये गये हैं। इस तरह नगर निगमों में कुल 170 पार्षद मनोनीत किये गये हैं। राज्य के नगर निगमों में मुरादाबाद, गाजियाबाद, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, मथुरा–वृंदावन, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बरेली, शाहजहांपुर, कानपुर, झांसी, लखनऊ, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज और गोरखपुर में 10–10 पार्षदों को मनोनीत किया गया है। राज्य में करीब 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतें हैं, जिनमें भी सदस्यों को नामित किया गया है।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उप्र इकाई के अध्ध्यक्ष पंकज चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्ध्स' पर अपने संदेश में कहा, ''उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में मनोनीत सभी पार्षदों को



हार्दिक बधाई। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सब राष्ट्रसेवा के संकल्प और समर्पण के साथ अपने–अपने क्षेत्रों के विकास तथा जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।'' उन्ध्होंने कहा, ''हम सभी मिलकर संगठन को नयी ऊर्जा प्रदान करते हुए प्रदेश और राष्ट्र की सेवा के संकल्प को और सशक्त बनाएंगे।'' चौधरी ने कहा, ''भाजपा उत्तर प्रदेश एक परिवार के रूप में प्रदेश के सर्वांगीण विकास और जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। आप सभी को इस नए दायित्व के लिए पुनः हार्दिक शुभकामनाएं।''उप मुख्ध्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्ध्स' पर अपने संदेश में कहा, ''उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में मनोनीत समस्त पार्षदों को हार्दिक बधाई तथा सफल व उज्ज्वल कार्यकाल के लिए अनंत शुभकामनाएं!''

## जयराम ठाकुर का कांग्रेस पर बड़ा हमला, आरटीआई एक्ट बदलकर भ्रष्टाचार छिपा रही सुखु सरकार

एजेंसी।
दिल्ली। शिमला में विधानसभा बजट सत्र के पुनः आरंभ होने से पहले मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ठाकुर ने दावा किया कि यह कदम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में लाए गए आरटीआई कानून की भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा सरकार स्पष्ट जवाब देने से बचने की कोशिश कर रही है। वे क्या छिपाने की कोशिश कर रहे हैं? आप तथ्यों को कुछ समय के लिए छिपा सकते हैं, लेकिन सच्चाई देर–सवेर सामने आ ही जाएगी।विपक्ष के नेता और हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने मंगलवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह भ्रष्टाचार को छिपाने और जनता को गुमराह करने के लिए सूचना के अधिकार (आरटीआई) ढांचे में बदलाव कर रही है। शिमला में विधानसभा बजट सत्र के पुनः आरंभ होने से पहले मीडियाकर्मियों से बात करते हुए ठाकुर ने दावा किया कि यह कदम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में लाए गए आरटीआई कानून की भावना के विरुद्ध है। उन्होंने कहा सरकार स्पष्ट जवाब देने से बचने की कोशिश कर रही है। वे क्या छिपाने की कोशिश कर रहे हैं? आप तथ्यों को कुछ समय के लिए छिपा सकते हैं, लेकिन सच्चाई देर–सवेर सामने आ ही जाएगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुखु को निशाना बनाते हुए भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि उन्होंने बार–बार जनता को गुमराह किया है और जनता के भरोसे को कायम रखने में विफल रहे हैं। उन्होंने कहा, "सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि मुख्यमंत्री जनता के भरोसे पर खरे नहीं उतर रहे हैं। उन्होंने कितनी बार जनता को गुमराह किया है? उन्होंने सार्वजनिक कार्यक्रमों में कितनी बार गलत बयान दिए हैं? ठाकुर ने आगे आरोप लगाया कि सरकार सतर्कता और भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों को आरटीआई के



दायरे से बाहर रखने की कोशिश कर रही है, और ऐसे फैसलों के पीछे के इरादे पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, "आरटीआई अधिनियम पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लाया गया था। आज वही कांग्रेस पार्टी इसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है। वे क्या छिपाना चाहते हैं? उन्होंने कहा कि विपक्ष नियमों के तहत सभी संभावित विकल्पों पर विचार कर रहा है और विधानसभा में इन मुद्दों को उठाने की रणनीति तैयार करेगा। उन्होंने आगे कहा, ष्हम साथ बैठकर अपने नोटिसों पर चर्चा करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि सदन में इन मुद्दों पर बहस हो। एक कथित सतर्कता जांच पर चिंता जताते हुए ठाकुर ने कहा कि जनता को ऐसे मामलों में आरोपों, अभियोगों और प्रगति के बारे में जानने का अधिकार है। उन्होंने सवाल किया, ष्अगर जांच का आदेश दिया गया है, तो क्या कार्रवाई की गई है?

## राज्यपाल ने मीडिया एवं जनसंचार विभागों के विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की

### एआई युग में मीडिया शिक्षा को समयानुकूल बनाने पर दिया जोर

विजडम इंडिया संवाददाता।
लोक भवन देहरादून 17 मार्च, 2026 राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज लोक भवन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के मीडिया एवं









जनसंचार विभागों के विभागाध्यक्षों एवं डीन के साथ बैठक की। बैठक में "एआई युग और डिजिटल सूचना पारिस्थितिकी तंत्र में मीडिया शिक्षाः चुनौतियाँ, नैतिकता और अवसर" विषय पर विचार–विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में एआई और डिजिटल मीडिया ने सूचना देने और पाने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है, इसलिए मीडिया शिक्षा को भी समय के अनुसार बदलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मीडिया केवल खबर देने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज की सोच और धारणा को प्रभावित करता है। इसलिए मीडिया शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ अच्छे पत्रकार बनाना नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि आज के समय में फेक न्यूज और गलत जानकारी बड़ी चुनौती बन गई है। इससे निपटने के लिए छात्रों को सही प्रशिक्षण देना जरूरी है। उन्होंने विश्वविद्यालयों से कहा कि अपने पाठ्यक्रम में एआई, डेटा एनालिटिक्स, डिजिटल सुरक्षा और फैक्ट–चेकिंग जैसे विषय शामिल करें।

इस अवसर पर राज्यपाल ने विभागाध्यक्षों से कहा कि वे पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए उनकी आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूत बनाने के उपायों पर भी विचार करें। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के लिए स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़े और मीडिया क्षेत्र में नए अवसर सृजित हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों और मीडिया संस्थानों को इस दिशा में मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और सहयोग प्रदान करने की दिशा में कार्य करना चाहिए, ताकि पत्रकारों को बदलते समय के अनुरूप और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में तेजी से हो रहे परिवर्तनों को समझना और उसी के अनुरूप स्वयं को ढालना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग राष्ट्र और समाजहित में किया जाना चाहिए तथा इसके माध्यम से आमजन की भलाई सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाने चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि एआई के सदुपयोग के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता आवश्यक है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका सही दिशा में उपयोग कर सकें।

राज्यपाल ने कहा कि भविष्य में भी इस बैठक का नियमित रूप से आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि इस विषय पर निरंतर संवाद और सुधार की प्रक्रिया जारी रह सके। राज्यपाल ने कहा कि इस तरह की चर्चाओं से मीडिया शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस बैठक में हुए मंथन से सकारात्मक और सार्थक परिणाम सामने आएंगे।

दून विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस बैठक में विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए डीन एवं विभागाध्यक्षों ने वर्तमान समय में एआई के बढ़ते प्रभाव के बारे अपने–अपने विचार रखते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) अब मीडिया और शिक्षा दोनों के स्वरूप को तेजी से बदल रहा है। ऐसे में इसे नजरअंदाज करने के बजाय समझदारी के साथ अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एआई को एक उपकरण के रूप में उपयोग किया जाना चाहिए, न कि उस पर पूर्ण निर्भरता विकसित की जाए।

प्रतिभागियों ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि विद्यार्थियों को एआई के सही और जिम्मेदार उपयोग के लिए तैयार करना बेहद आवश्यक है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बीच फेक न्यूज और भ्रामक सूचनाओं का प्रसार एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है, जिसे रोकने के लिए मजबूत फैक्ट–चेकिंग व्यवस्था विकसित करना जरूरी है।

उन्होंने सुझाव दिया गया कि मीडिया शिक्षा के पाठ्यक्रम में एआई, फैक्ट–चेकिंग और डिजिटल नैतिकता को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसके साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए एक्सचेंज प्रोग्राम संचालित करने का भी सुझाव दिया गया।

प्रतिभागियों ने यह भी कहा कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाया जाना जरूरी है ताकि वे समाज में मीडिया साक्षरता और जागरूकता फैलाने में भूमिका निभा सकें। बैठक में स्वदेशी दृष्टिकोण के अनुरूप एआई टूल्स विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया गया, जिससे भारतीय संदर्भ और जरूरतों के अनुसार मीडिया क्षेत्र को सशक्त बनाया जा सके।

बैठक में अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, एचओडी मीडिया एंड मास कम्युनिकेशन दून विश्वविद्यालय प्रो. राजेश कुमार, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के प्रो. राकेश रयाल, यूपीईएस विश्वविद्यालय के प्रो. अमरेश झा, ग्राफिक एरा हिल विश्वविद्यालय की प्रो. ताहा सिद्दीकी, डीबीएस ग्लोबल विश्वविद्यालय के प्रो. जयवीर सिंह, उत्तरांचल विश्वविद्यालय के प्रो. कार्तिकेय गौड़, देव भूमि उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के प्रो. रवि शंकर उपाध्याय, कोर विश्वविद्यालय के प्रो. पराग रंजन, सुभारती विश्वविद्यालय के प्रो. शील शुक्ला, एसजीआरआर विश्वविद्यालय के प्रो. आशीष कुलश्रेष्ठ, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय की प्रो. पूजा डबास, तुलास इंस्टीट्यूट के प्रो. तौसिफ इकबाल उपस्थित रहे।

## 8 सांसदों का निलंबन खत्म शिवराज चौहान ने राज्यसभा में किया बड़ा ऐलान

एजेसी।
दिल्ली। संसद सत्र में मंगलवार को लोकसभा ने 8 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया और रेल मंत्रालय के अनुदानों पर चर्चा की, जबकि राज्यसभा में सरकार ने 10 नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान स्थापित करने और मनरेगा को एक नई योजना से बदलने जैसे महत्वपूर्ण ऐलान किए। लोकसभा ने मंगलवार को ध्वनि मत से आठ विपक्षी सांसदों का निलंबन रद्द कर दिया। संसदीय कार्य समिति के सदस्य किरेन रिजिजू ने यह प्रस्ताव पेश किया, जब कांग्रेस के मुख्य सचेतक के. सुरेश ने कुछ सदस्यों की श्अनजाने में हुई गलतीश पर खेद व्यक्त किया। समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव और राष्ट्रीय कम्युनिस्ट पार्टी (एसपी) की सुप्रिया सुले ने भी इसका समर्थन किया। इसके बाद सदन केंद्रीय रेल मंत्रालय के लिए 2026–27 के अनुदान प्रस्तावों पर चर्चा जारी रहा। वहीं, राज्यसभा 18 मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को विदाई देगी। सदन के सदस्यों को भाषण देने की अनुमति देने के लिए प्रश्नकाल और शून्यकाल का सत्र नहीं होगा।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रश्नकाल में सदस्यों से संक्षिप्त प्रश्न पूछने और मंत्रियों से छोटे जवाब देने का अपना आग्रह दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि क्या मंत्री ''संक्षिप्त जवाब देने की कोशिश नहीं कर सकते।'' प्रश्नकाल में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) के सदस्य जीएम हरीश बालयोगी के पूरक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इसके साथ ही ओम बिरला ने सरकार से सांसदों के अलग–अलग समूह बनाकर उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर विस्तृत जानकारी देने को कहा जिस पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वह अध्यक्ष के आदेश का पालन करेंगे। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को कहा कि सरकार देश में एकीकृत खेती के मॉडल पर काम कर रही है जिससे छोटी जोत वाले किसानों को भी फायदा होगा। चौहान ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि सरकार ने छोटी जोत वाले किसानों के लिए एकीकृत खेती के अनेक मॉडल पर काम करना शुरू किया है और कई जगह उनका प्रदर्शन कर रहे



हैं।तृणमूल कांग्रेस की सांसद शताब्दी रॉय ने मंगलवार को लोकसभा में दावा किया कि ट्रेनों में 70–80 साल के बुजुर्गों को ऊपर की बर्थ आवंटित की जाती हैं, जबकि नौजवानों को नीचे की सीट मिल जाती है। उन्होंने वर्ष 2026–27 के लिए रेल मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा कि सरकार का ध्यान बुजुर्गों पर नहीं, सिर्फ राजस्व बढ़ाने पर है। राजद सांसद अभय सिन्हा ने लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से प्रत्येक मेल और एक्सप्रेस ट्रेन में कम से पांच सामान्य डिब्बे जोड़ने की मांग की, ताकि गरीब लोगों को यात्रा करने में सुविधा हो। राजद सांसद अभय सिन्हा ने वित्त वर्ष 2026–27 के लिए रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कई महीने पहले कहा था कि ''देश में जितनी भी मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें परिचालित हो रही हैं, उनमें मैं अतिरिक्त डिब्बे, चार–पांच जनरल डिब्बे जोड़ूंगा।' राज्यसभा की कार्यवाहीसीमित भूमि संसाधनों के कारण अंतिम संस्कार के वैज्ञानिक प्रबंधन की जरूरत को रेखांकित करते हुए मंगलवार को राज्यसभा में भाजपा के अजित माधवराव गोपछड़े ने कहा कि सभी परंपराओं का सम्मान करते हुए इसके लिए एक नीति बनाई जानी चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए गोपछड़े ने कहा कि हमारे देश में शहरीकरण बहुत तेज गति से हो रहा है और आबादी भी निरंतर बढ़ रही है।

# लखनऊके जलसाई नाथ मंदिर का होगा कायाकल्प, 89.82 लाख की परियोजना से धार्मिक पर्यटन को मिलेगी रफ्तार

लखनऊ (आरएनएस ),उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अल्पज्ञात और कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है। इसी क्रम में लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित श्री महादेव जलसाई नाथ जी मंदिर का कायाकल्प किया जा रहा है। मंदिर के सौंदर्यीकरण और समग्र विकास के लिए लगभग 89.82 लाख रुपये की परियोजना पर कार्य शुरू हो चुका है, जिसके तहत 60 लाख रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। इस पहल से मंदिर का स्वरूप भव्य और आधुनिक बनेगा तथा स्थानीय पर्यटन को नई गति मिलेगी।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जलसाई नाथ मंदिर परिसर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। परियोजना के तहत यात्री हॉल, शीट रूफिंग युक्त शेड, बैठने के प्लेटफॉर्म, स्टील रेलिंग, ग्रीन पावर आधारित इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी बेंच स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही स्ट्रीट लाइट, स्वच्छ पेयजल सुविधा और बागवानी कार्य के माध्यम से परिसर का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और लखनऊ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।मंदिर से जुड़ी मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव को समर्पित यह प्राचीन जलसाई नाथ मंदिर स्वयंभू माना जाता है और इसकी आयु लगभग 200 वर्ष से अधिक बताई जाती है। स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा निर्मित यह मंदिर समय के साथ क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। विशेष रूप से महाशिवरात्रि और सावन के दौरान यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं।पर्यटन विभाग अब राज्य के प्रमुख तीर्थ स्थलों के साथ–साथ प्राचीन और कम चर्चित मंदिरों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। इसी क्रम में लखनऊ के जलसाई नाथ मंदिर के अलावा चौक क्षेत्र के कोनेश्वर महादेव मंदिर और बारा बिरवा स्थित संत रविदास मंदिर समेत कई स्थलों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिससे धार्मिक पर्यटन को नया आयाम मिल सके।मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि समृद्ध विरासत, पारंपरिक व्यंजनों और प्राचीन मंदिरों की श्रृंखला से सजा लखनऊ देश–विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुका है। बेहतर कनेक्टिविटी और आधुनिक सुविधाओं के चलते वर्ष 2025 में यहां 1.71 करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे, जिनमें 38 हजार से ज्यादा विदेशी पर्यटक शामिल रहे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन में अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान को और मजबूत करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है।

# नर्स की कार सवार दबंगों ने सरेराह की पिटाई

प्रयागराज। सराय इनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज में सरेराह फॉर्च्यूनर से आए लोगों और एक महिला के बीच मारपीट के बाद हंगामा हुआ। 30 साल की महिला का आरोप है कि उसे कार में खींचने की कोशिश की गई। विरोध पर मारा पीटा गया। इससे पहले उसके एक साथी की भी पिटाई की गई। उधर पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में पैसों के लेनदेन का विवाद है। इसी को लेकर मारपीट हुई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

महिला मूल रूप से फूलपुर की रहने वाली है और मौजूदा समय में हनुमानगंज में रहती है। वह एक अस्पताल में नर्स का काम करती है। उसने आरोप लगाया, मेरा परिचित अभिषेक बेली अस्पताल में काम करता है।

सोमवार दोपहर बाद तीन बजे के करीब वह घर लौट रहा था और इसी दौरान उसे कुछ लोगों ने जबरन रोक लिया। डराया– धमकाया और फिर उसके जरिए कॉल कर नर्स को हनुमानगंज बाजार बुलवाया। वह चार बजे के करीब हनुमानगंज बाजार पहुंची तो वहां दो कार में सवार कुछ लोग मौजूद थे। उन लोगों ने उसे फॉर्च्यूनर में खींचने की कोशिश की। विरोध पर मारा पीटा। यह देख साथी अभिषेक ने किसी तरह उसे बचाया। तब तक आसपास के लोग भी जुट गए। महिला का आरोप है कि उसने थाने में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

महिला का यह भी आरोप है कि कार में खींचने व मारपीट करने वाला झुंसी का एक क्लीनिक संचालक है जिसके साथ कुछ अन्य लोग भी थे। वह आरोपी की क्लीनिक में पहले काम करती थी जहां उसने छेड़छाड़ की थी। इस पर उसने क्लीनिक छोड़ दिया।

उधर इस मामले में डीसीपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया, दोनों पक्षों के बीच पैसों के लेनदेन का विवाद है। प्रारंभिक रूप से यह बात सामने आई है कि इसी विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्ष इकट्ठा हुए थे। वहां उनके बीच मारपीट हुई। मामले में दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है। जांच पड़ताल कराई जा रही है। फॉर्च्यूनर में खींचने जैसी कोई बात सामने नहीं आई है।

# लखनऊ में मोबाइल चोरी गैंग का भंडाफोड़ 4 शातिर गिरफ्तार, 41 मोबाइल, टैब और अवैध असलहा बरामद

लखनऊ, (आरएनएस ) राजधानी लखनऊ में अपराध शाखा और मड़ियांव थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दुकानों का शटर व ताला तोड़कर मोबाइल चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया गया है। पुलिस ने इस गैंग के चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 41 मोबाइल फोन, 2 टैब, अवैध असलहा और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है।पुलिस के अनुसार, 22 फरवरी 2026 को जानकीपुरम गार्डन निवासी अभिषेक चौधरी ने अपनी दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल, टैबलेट और नगदी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में थाना मड़ियांव पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। लगातार मिल रही सूचनाओं और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 17 मार्च को यादव चौराहे के पास लोखड़िया मोड़ सर्विस रोड से चारों अभियुक्तों को



गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में अमन, मो. जीशान, अजमत अली उर्फ मंटू और समीर उर्फ डाबर शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह रात के समय बंद दुकानों की रेकी करता था और मौका मिलते ही शटर व ताले तोड़कर मोबाइल व टैबलेट चोरी कर लेता था। चोरी के बाद यह सामान नेपाल ले जाकर बेच दिया जाता था और उससे प्राप्त धनराशि से अपने शौक पूरे करते थे।पुलिस ने बताया कि अभियुक्त वारदात को अंजाम देने के लिए एक कार और मोटरसाइकिल का इस्तेमाल करते थे, जिससे वे तेजी से स्थान बदल सकें। गिरोह के पास से 2 अवैध देशी तमंचे (.303 बोर), 1 रिवॉल्वर (.32 बोर) और कुल 9 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ कि अभियुक्त चोरी के दौरान पकड़े जाने की स्थिति में इन हथियारों का इस्तेमाल करने की तैयारी रखते थे।जांच में सामने आया कि इस गिरोह के खिलाफ लखनऊ के विभिन्न थानोंकृअलीगंज, जानकीपुरम, चिनहट, इटौंजा सहित अन्य क्षेत्रों में कई मुकदमे दर्ज हैं। विशेष रूप से मुख्य अभियुक्त अमन के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं, जिससे उसके सक्रिय अपराधी होने की पुष्टि होती है।पुलिस ने बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए अवैध असलहा रखने के मामले में अलग से मुकदमे दर्ज किए हैं। सभी अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही उनके आपराधिक इतिहास की विस्तृत जानकारी अन्य जनपदों से भी जुटाई जा रही है।इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने में थाना मड़ियांव पुलिस और अपराध शाखा की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में सक्रिय अन्य गिरोहों की तलाश भी तेज कर दी गई है, ताकि इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# आज बहुगुणा जैसे नेताओं की जरुरत- जस्टिस गौतम चौधरी

प्रयागराज। सिविल लाइन स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा की 37वीं पुण्यतिथि पर मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय न्यायधीश गौतम चौधरी व स्मृति के राष्ट्रीय सचिव शेखर बहुगुणा ने प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व केंद्रीय मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री उप्र स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जस्टिस चौधरी ने कहा कि स्व.बहुगुणा ने हमेशा समाज व देश को मजबूत करने का काम किया। आज समाज को आगे बढ़ाने के लिए हेमवती नन्दन बहुगुणा जैसे नेताओं की जरुरत है। तभी हमारा समाज आगे बढ़ेगा। स्व. बहुगुणा के कनिष्ठ पुत्र शेखर बहुगुणा ने कहा कि एच.एन. बहुगुणा ने हमेशा देश के गरीब मजदूर किसान व मजलूमों के हितों की लड़ाई लड़कर हमेशा उनको न्याय दिलाई। उन्होंने सदैव देश की एकता अखंडता और सदभावना को बनाये रखने पर काम किया जो हमारे लिए अनुकरणीय है।

पुत्र शेखर बहुगुणा एवं पौत्री उत्तरा बहुगुणा ने दीप प्रज्वलन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात बहुगुणा की याद में सर्व–धर्म पाठ कराया गया जिसमें गीता पाठ मणि शंकर द्विवेदी, गुरु ग्रंथ साहब के शब्द नानक सिंह, कुरान मोहम्मद शाबान, बाइबल गैल्विन पादरी द्वारा किया गया।

सैकड़ों की संख्या में विभिन्न पार्टी, संगठनों एवं संस्थाओं के पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्ताओ ने उपस्थित होकर अपने जन नेता को श्रद्धांजलि दिया। कार्यक्रम का संचालन स्मृति समिति के अध्यक्ष संत प्रसाद पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर अशफाक अहमद अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गंगापार, राम मनोरथ सरोज, ओमप्रकाश तिवारी, मो.फारुक, डा. अमर सिंह पटेल, राजेंद्र मिश्रा बबुआन, अरुण पाठक, सुधा त्रिपाठी अध्यक्ष इनर व्हील क्लब, वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, नयन कुशवाहा, मनु कक्कर, प्रवीण पटेल, स्वप्निल द्विवेदी, राकेश श्रीवास्तव ,विपिन गुप्ता, केके तिवारी, भगवत कुशवाहा, रंजय मिश्रा, रणजीत पंडित इंटर कॉलेज से राजीव दरबारी, मानस प्रेम गौतम, शिव श्याम तिवारी, योगेश कुमार मिश्रा, अरुण कुमार, रामनरेश सिंह, गोविंद सिंह, राजेश यादव, बृजेश तिवारी आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# 300 किलोग्राम गीला एवं 12 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्रित

## स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत वृहद घाट पर स्वच्छता अभियान का आयोजन

प्रयागराज। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला गंगा समिति प्रयागराज, नगर निगम एवं स्वच्छ कर्मियों के सहयोग से संगम नोज पर जन–जागरूकता एवं वृहद स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी उपस्थित रहे। साथ ही जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह, आईसी हेड कृष्णा कुमार मौर्य, स्परहेड लीडर रूप शंकर पांडे, सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट टीम के सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अभियान के दौरान लगभग 300 किलोग्राम गीला कचरा एवं 12 किलोग्राम सूखा कचरा एकत्रित किया गया, जिसे कचरा संग्रहण वाहन के माध्यम से सुरक्षित निस्तारण हेतु भेजा गया।इस अवसर पर महापौर ने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वच्छ घाट न केवल गंगा एवं सहायक नदियों को प्रदूषण से बचाते हैं, बल्कि जलजनित रोगों की रोकथाम, जैव विविधता के संरक्षण तथा धार्मिक एवं पर्यटन महत्व को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जिला परियोजना अधिकारी एशा सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से आमजन को यह संदेश दिया गया कि वे घाटों पर कूड़ा न फेंकें तथा प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग करें, जिससे गंगा एवं उसकी सहायक नदियों की स्वच्छता एवं सौंदर्य बना रहे। कृष्ण कुमार मौर्य ने भी लोगों से अपील की कि प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करें तथा उपयोग के बाद उसका सही तरीके से निस्तारण करें।इस अवसर पर पार्षदगण सुनीता चोपड़ा, मुकेश लारा, नीरज टंडन, सियाराम मुरिया, शिव नारायण यण यादव, राममिलन एवं अरुण चौहान उपस्थित रहे। साथ ही जोनल अधिकारी विकास सेन, सुएसएफआई गोविंद वाजपेयी, एसएफआई रंजन श्रीवास्तव एवं हरिश्चंद्र सहित समस्त सफाई मित्र एवं आईईसी टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव का भाजपा सरकार पर हमला, बोल- यूपी में कानून व्यवस्था ध्वस्त, अपराधियों को संरक्षण

लखनऊ (आरएनएस ),समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून–व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में "लॉ एंड ऑर्डर को ही गोली मार दी गई है" और हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि अब "भाजपाई आस्तीनी अपराधी" ही सरकार के लिए चुनौती बन गए हैं।गोरखपुर में पूर्व पार्षद की दिनदहाड़े हत्या का जिक्र करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस घटना ने साफ कर दिया है कि बेखौफ अपराधियों को किसका संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है और समय आने पर जवाब देगी।अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश को बर्बादी की ओर धकेल दिया है। उनके अनुसार प्रदेश में कानून–व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है, अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और महिलाएं व बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडों, माफियाओं और दबंगों का बोलबाला है और सरकार का "जीरो टॉलरेंस" का दावा पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

# पेंशनर्स के आंदोलन ने तेजी पकड़ी, 25 मार्च को होगा बड़ा आंदोलन

प्रयागराज। केन्द्र सरकार ने विगत वित्त वर्ष में 25 मार्च 2025 को संसद में प्रस्तुत एवं पारित वित्त विधेयक 2025 में चुपके (संसद में बिना किसी पूर्व सूचना के) और कपटपूर्ण ढंग से वैलीडेशन एक्ट नाम का प्राविधान जोड दिया जो कि 29 मार्च 2025 को एक्ट के रूप में प्रभावी हो चुका है। इस एक्ट से लगभग सभी कार्मिक और पेंशनर भिज्ञ हैं। यरन्तु यह एक्ट पेंशन में सेवानिवृत्ति की तिथि और सेवा की अवधि के आधार पर कार्मिकों में डिफरेन्स पैदा करने वाला है। अर्थात एक ही संवर्ग के दो कार्मिकों की पेंशन अलग अलग निर्धारित करने का अधिकार सरकार को यह एक्ट प्रदान कर रहा है। साथ में इस एक्ट में पेंशन की विभेदकारी कार्यवाही के विरुद्ध किसी भी न्यायालय या ट्रिब्यूनल में जाने से भी प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस क्रम में सरकार की मंशा पेंशन के प्रति और भी स्पष्ट हुई,वेतनआयोग को सरकार द्वारा निर्देशित टीओआर से जिसमें पेंशन को प्रोडक्टिव, नान प्रोडक्टिव तथा कन्ट्रीब्यूटरी, नान कन्ट्रीब्यूटरी का विभेद स्पष्ट है। जेपीडब्लूसी के मंडल संयोजक पीके मिश्रा (रिटायर अधिशाषी अभियंता) ने बताया इन विभेदकारी और अनुचित स्थितियों के विरोध में तथा राजकीय सेवकों के भविष्य की अनिश्चितता को लकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के पेंशनर संगठन पिछले डेढ़ वर्षों से क्रमशः आन्दोलनरत और जागरण के लिए प्रयासरत हैं। परन्तु ऐसा प्रतीत हुआ कि सेवारत साथी अभी अपने भविष्य की गम्भीरता से काफी हद तक अनभिज्ञ हैं। इस क्रम में दिनांक 12 मार्च को आल इण्डिया स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन तथा उ. प्र.संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति (जे पी डब्लू सी) की लखनऊ मे हुई वैठक में पेंशनर्स के साथ सेवारत शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी सब को एक करके संयुक्त अभियान द्वारा सरकार को सचेत किये जाने का निर्णय लिया गया।
श्री मिश्रा ने कहा प्रयागराज सहित प्रदेश के सभी 75 जिलों में आगामी 25 मार्च को वैलीडेशन एक्ट के विरोध में काला दिवस मनाने एवं मा. प्रधान मंत्री भारत सरकार को ज्ञापन प्रेषित करने का निर्णय लिया गया है।

# बाराबंकी के स्कूलों में मिड-डे मील प्रभावित ,गैस सिलेंडर की कमी से बच्चों को समय से नहीं मिल रहा भोजन

बाराबंकी ईरान–अमेरिका में चल रहे तनाव और युद्ध की स्थिति का सीधा असर अब भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है, जिसके कारण स्व्छ सिलेंडरों की किल्लत हो गई है। इस वजह से कई स्थानों पर स्कूलों में मिड–डे मील और व्यावसायिक रसोइयों में चूल्हे बंद हो गए हैं और खाना पकाने के लिए लकड़ी के चूल्हों का सहारा लिया जा रहा है।बता दे बाराबंकी जिले के कई परिषदीय विद्यालयों में मिड–डे मील योजना गैस सिलेंडर की कमी के कारण प्रभावित हुई है। ईरान–अमेरिका युद्ध और वैश्विक गैस किल्लत का असर अब बच्चों के भोजन पर पड़ रहा है। स्कूलों में गैस आपूर्ति ठप होने से बच्चों को दोपहर का भोजन समय पर नहीं मिल पा रहा है।मंगलवार को सामने आई एक रिपोर्ट के अनुसार,



कई स्कूलों में रसोइयां धुएं के बीच ईंटों के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर हैं, जबकि कुछ स्कूलों की रसोई में भोजन बन ही नहीं पा रहा है। इससे सरकारी दावों की पोल खुल गई । प्राथमिक विद्यालय बघौरा में भी स्थिति गंभीर है। यहां गैस न होने के कारण मंगलवार को मिड–डे मील का भोजन ईंट के चूल्हे पर बानाया गया भोजन देर से बानाने का विषय में रसोईयों से बात की गई जिसका जवाब था रसोईघर के अन्दर भोजन बनाना सम्भव नही था और खुले में सीधी धूप लगने के कारण भोजन बनाने में देरी हो गई और तो धुआ बच्चों के क्लास रूम में भी जाता है जिससे बच्चों को भी काफी समस्या होती है दूसरी तरफ गांव वालो ने बताया कि ईंधन के बिना भोजन तैयार करना संभव नहीं हैं गौर करने वाली बात यह है कि किसानों की फसले तैयार हो रही है जिससे धूल और मिट्टी भी उड कर भोजन में गिरती है दूसरी तरफ कम्पोजिट विद्यालय महमूदाबाद में भी यही हाल है तो यूपी सरकार लगातार यही कह रही है कि ईरान और अमेरिका युद्ध का असर भारत के ईधन पर नही पड़ा यूपी में पेट्रोल और गैस की कोई कमी नही है लेकिन गैस एजेन्सियों पर लम्बी लाइने कुछ और ही बयां कर रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सैदनपुर गैस एजेन्सी पर गैस सिलेण्डर से भरी गाड़ी आई लेकिन सिलेण्डर कहां गये बड़ा सवाल है इस समस्या पर खंड शिक्षा अधिकारी सिरौलीगौसपुर फिजा मिर्जा ने स्वीकार किया कि क्षेत्र के कई विद्यालयों में गैस की किल्लत है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सूचित कर वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की गई है।

# नगरपालिका सहित सभी नगर पंचायतों में शतप्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन हो डीएम

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मुख्य विकास



अधिकारी अन्ना सुदन सहित संबंधित अधिकारियों के साथ नगर विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली एवं विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक नगर निकाय में पूर्व की भांति सप्ताह में एक दिन चलने वाले अतिक्रमण विरोधी अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा इसके साथ ही सतत प्रवर्तन सुनिश्चित किया जाए, जिससे कोई भी दुकान सड़क पर न लगने पाए। सार्वजनिक स्थलों, सड़कों एवं नालियों पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगर निकायों में स्थित सभी तालाबों के संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि किसी भी दशा में तालाबों पर अतिक्रमण न होने पाए। आय वृद्धि के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी नगर निकाय अपने–अपने संसाधनों का प्रभावी उपयोग करें। तालाबों को मत्स्य पालन हेतु नियमानुसार नीलाम कर आय बढ़ाई जाए तथा अन्य संभावित स्रोतों को विकसित कर राजस्व सुदृढ़ किया जाए। स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नगर निकायों में प्रतिदिन शतप्रतिशत डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी खाली प्लॉट पर कूड़ा एकत्रित न होने पाए। विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माणाधीन कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए। जिन नगर निकायों में कल्याण मंडप का निर्माण नहीं हो रहा है, वे तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करें इसके अतिरिक्त, राजस्व वसूली में तेजी लाने तथा लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

# 3.37 करोड़ के बस स्टेशन का लोकार्पण परिवाहन मंत्री ने 5 बसों को हरी झंडी दिखाकर किया

बाराबंकी। रामसनेहीघाट में नवनिर्मित बस स्टेशन का लोकार्पण किया गया। लगभग 3 करोड़ 37 लाख रुपये की लागत से बने इस बस स्टेशन का उद्घाटन परिवहन दयाशंकर सिंह ने राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा व राजरानी रावत व्दारा किया गया। इस परियोजना को साकार करने में क्षेत्रीय विधायक एवं खाद्य रसद नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री परिवार के डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी द्वारा विधिवत पूजा–पाठ के साथ हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि मंत्री दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग की पांच बसों को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न गंतव्यों के लिए रवाना किया।नया बस स्टेशन लखनऊ–अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग–27 पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट के बैशनपुरवा गांव के पास बनाया गया है। यहां प्रतिदिन लगभग 200 बसों के ठहराव का प्रस्ताव है। इस बस स्टेशन से बाराबंकी,



लखनऊ, अयोध्या, जौनपुर, वाराणसी, हैदरगढ़, रायबरेली, प्रयागराज, कौशांबी, दिल्ली और चित्रकूट जैसे प्रमुख शहरों के लिए बस सेवाएं उपलब्ध होंगी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि बस स्टेशन के अभाव में लोगों को बस पकड़ने के लिए भटकना पड़ता था, ।

# एच0पी0 वर्मा कालेज आफ फार्मेसी में पुलिस की पाठशाला के संबंध में अवगत कराते हुए जागरूक किया गया

बाराबंकी क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना कोठी पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा एच0पी0 वर्मा कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी में अमर उजाला फाउंडेशन 'पुलिस की पाठशाला' के अन्तर्गत बालक एवं बालिकाओं को कानून का सम्मान, बीएनएस, महिलाओं से सम्बन्धित अपराध के प्रति जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नंबरों व यातायात नियमों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

# ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में घुसी कार, 4 की मौतः मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हुआ हादसा, एक बैंक मैनेजर भी शामिल, सभी उत्तराखंड के

मुरादाबाद में सोमवार सुबह करीब 6 बजे हुए सड़क हादसे में बैंक मैनेजर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली–लखनऊ नेशनल हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में मनकरा मोड़ के पास रामपुर की दिशा से आ रही एक कार अपने आगे चल रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर–ट्राली में घुस गई। हादसा इतना जबारदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए।



हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से निकाला। सभी घायलों को लेकर पुलिस तुरंत मूंढापांडे सीएचसी पहुंची, लेकिन डॉक्टर ने कार सवार 4 युवकों में से 3 को देखते ही मृत घोषित कर दिया। जबकि चौथे युवक को घायल अवस्था में तुरंत जिला अस्पताल रेफर किया गया। उसकी भी मौत हो गई। कार ड्राइवर गंभीर रूप से घायल है।

पुलिस का कहना है कि मरने वालों में से एक की पहचान उसकी जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर की गई है। मरने वालों में नैनीताल के तल्ली ताल निवासी बैंक मैनेजर दयाल सिंह रावत पुत्र कुंवर सिंह की पहचान हो गई है। उनके अलावा टनकपुर के खालखेड़ा निवासी सुंदर सिंह पुत्र जगहत सिंह, अल्मोड़ा के सोमश्वर–भंवरी निवासी भुवन सिंह भंडारी पुत्र दीवान सिंह की भी पहचान हो गई है। चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। उसकी मौत अस्पताल में हुई है।

इस हादसे में कार ड्राइवर घायल हुआ है। उसकी पहचान हल्द्वानी के दयाल विहार निवासी यशदीप पांडेय पुत्र चंद्र बल्लभ के रूप में हुई है। ड्राइवर के मुताबिक कार हल्द्वानी से दिल्ली के लिए बुक की गई थी।

# आईआईएमटी यूनिवर्सिटी और इंडिया टुडे ने मिलाया हाथ

## अंजना, श्वेता, सईद से छात्र सीखेंगे डिजिटल पत्रकारिता

विजडम इंडिया संवाददाता।

ग्रेटर नोएडा। शिक्षा के क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा कैंपस ने टॉप मीडिया ब्रांड इंडिया टुडे से पत्रकारिता शिक्षण के क्षेत्र में एक बड़ा करार किया है। इन दोनों बड़े संस्थानों के बीच संयुक्त रूप से पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल मीडिया एंड कन्युनिकेशन (पीजीडीएमसी) का पाठ्यक्रम चलाने का अनुबंध हुआ है।

आजतक जैसा देश का नंबर वन चौनल संचालित करने वाले इंडिया टुडे ग्रुप का एक मीडिया इंस्टीट्यूट भी है, जिसका नाम है– आईटीएमआई यानी इंडिया टुडे मीडिया इंस्टीट्यूट। अब यह मीडिया इंस्टीटयूट आईआईएमटी यूनिवर्सिटी, ग्रेटर नोएडा कैंपस के साथ मिलकर एक वर्षीय पीजी डिप्लोमा इन डिजिटल मीडिया एंड का कोर्स संचालित करेगा। इंडिया टुडे ग्रुप के अंजना ओम कश्यप, श्वेता सिंह, सईद अंसारी, नेहा बाथम, विक्रांत गुप्ता, अर्पिता आर्या, श्वेता झा और गौरव सावंत जैसे नामी गिरामी एंकर इन बच्चों को शिक्षण के साथ प्रशिक्षण भी देंगे। साथ ही इस कोर्स के छात्रों को इंडिया टुडे ग्रुप के डिजिटल मीडियम में तीन महीने की इंटर्नशिप भी मिलेगी।



इंडिया टुडे ग्रुप से इस अनुबंध पर आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा– इंडिया टुडे ग्रुप मीडिया का सबसे बड़ा ब्रांड है और आईआईएमटी ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। दोनों संस्थानों के बीच यह अनुबंध पत्रकारिता शिक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

दोनों ग्रुपों के इस करार के समय आईआईएमटी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर डॉ, मयंक अग्रवाल, इंडिया टुडे ग्रुप की वाइस चेयरपर्सन कली पुरी, सीईओ दिनेश भाटिया, आजतक के न्यूज डायरेक्टर सुप्रिय प्रसाद, आईटीएमआई की संचालक प्रेरणा कौल मिश्रा, निखिल गुप्ता, एंकर अंजना ओम कश्यप, सईद अंसारी, अर्पिता आर्या, आईआईएमटी ग्रुप के डायरेक्टर निर्देश वशिष्ठ, जर्नलिज्म एंड मास कम्युनेकशन विभाग के डीन विकास मिश्र और एचओडी वैभव उपाध्याय भी उपस्थित थे।











# सुभारती विश्वविद्यालय और नांदी फाउंडेशन में कौशल विकास पर ऐतिहासिक करार

## महिंद्रा प्राइड क्लासरूम प्रोग्राम के तहत छात्रों को मिलेगा उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण, सशक्त होंगी रोजगार संभावनाएँ

विजडम इंडिया संवाददाता।

देहरादून, (संवाददाता):

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून ने विद्यार्थियों के कौशल विकास और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण को नई दिशा देते हुए नांदी फाउंडेशन, हैदराबाद के साथ एक महत्वपूर्ण मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता महिंद्रा प्राइड क्लासरूम प्रोग्राम के अंतर्गत संचालित किया जाएगा, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को आधुनिक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाएगा।





विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन के मार्गदर्शन में संपन्न यह करार छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस पहल के तहत विद्यार्थियों को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, सॉफ्ट स्किल्स तथा रोजगार से संबंधित आवश्यक दक्षताओं का व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

डॉ. ऐरन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह कार्यक्रम न केवल छात्रों को प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के लिए तैयार करेगा, बल्कि उन्हें बेहतर रोजगार अवसर भी उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण को पूरी तरह उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जिससे विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता में ठोस वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नांदी फाउंडेशन की ओर से ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर तरुण सेन एवं प्रोग्राम मैनेजर अक्षय कुमार की विशेष उपस्थिति रही। वहीं, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से रजिस्ट्रार खघलिद हसन, डीन एकेडमिक्स डॉ. मनमोहन गुप्ता तथा प्लेसमेंट ऑफिसर श्रीमती उमा बोहरा भी उपस्थित रहे।

संयुक्त रूप से प्रस्तुत विचारों में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि नांदी फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी छात्रों के करियर निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। नांदी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी इस सहयोग को शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रभावी पहल बताया।

उल्लेखनीय है कि यह एम.ओ.यू. दोनों संस्थाओं के बीच शिक्षा, कौशल विकास तथा विद्यार्थियों के कैरियर उन्नयन के क्षेत्र में दीर्घकालिक और सुदृढ़ सहयोग का आधार तैयार करेगा।

# हरिद्वार में देव उत्सव के दौरान अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

सुलतानपुर(आरएनएस )। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) तथा श्री गंगा सभा (रजिस्टर्ड) हरिद्वार, उत्तराखंड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित "देव उत्सव" कार्यक्रम के अंतर्गत हर की पौड़ी, हरिद्वार में मां गंगा की पावन गोद में भजनों की अविरल धारा बही।इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों की मधुरता और भक्ति भाव से ओतप्रोत प्रस्तुति ने ऐसा वातावरण बनाया कि वहां मौजूद श्रोता बंधु स्वयं को रोक न सके और खड़े होकर झूमने व नाचने लगे। पूरा हर की पौड़ी क्षेत्र भक्ति और उल्लास के रंग में रंग गया तथा वातावरण मां गंगा की आराधना और भजन–कीर्तन से गूंज उठा। दीनबंधु सिंह के भजनों ने पूरे परिसर को भक्ति रस में सराबोर कर दिया, जिससे हर की पौड़ी का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और श्रद्धा से भर उठा। श्रद्धालुओं ने भजनों के साथ ताली बजाकर और झूमकर अपनी भक्ति का भाव व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में वाद्य यंत्र पर अमित धीमन ढोलक राहुल थापा कीबोर्ड राघव शर्मा तबला विनय शर्मा ओक्टोपैड तथा सुमित गिटार पर साथ दिए। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य विभिन्न सांस्कृतिक विधाओं की भी शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इस प्रकार देव उत्सव के मंच से भक्ति, संस्कृति और संगीत का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं के मन में आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई।

# कोइरीपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत 7 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित

सुल्तानपुर(आरएनएस )। जनपद के पीपी कमैचा ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कोइरीपुर में सोमवार शाम 4 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।नगर पंचायत कोइरीपुर कार्यालय एवं डूडा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष रुबीना बानो, अध्यक्ष प्रतिनिधि कासिम राइन, अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप, परियोजना अधिकारी संजय सिंह, सीएलटीसी अवनीश चौहान, डीपीएम सुल्तानपुर



सौरभ मिश्रा, लिपिक राम कृष्ण मिश्र एवं मंडल अध्यक्ष राजेश जायसवाल की उपस्थिति रही।कार्यक्रम के दौरान 7 पात्र लाभार्थियों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रुबीना बानो ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को अपना पक्का घर मिल सके। उन्होंने लाभार्थियों से अपील की कि वे स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के बाद शीघ्र ही अपने आवास निर्माण कार्य को प्रारंभ करें और निर्धारित समय में पूर्ण करें, ताकि योजना का पूरा लाभ मिल सके।

# तैयारियां तेज , बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन आज से

जौनपुर । माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, वहीं केंद्र व्यवस्थापक अंतिम तैयारियों में जुटे रहे। जिले में उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए कुल पांच मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जीजीआईसी, शिया इंटर कॉलेज, बीआरपी इंटर कॉलेज, जनक कुमारी इंटर कॉलेज और राज्य श्रीकृष्ण दत्त इंटर कॉलेज शामिल हैं। इन केंद्रों पर उप नियंत्रक, उप प्रधान परीक्षक और परीक्षकों की तैनाती की जा रही है।मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं को कोठार से केंद्रों तक भेजने का कार्य जारी है। सोमवार तक अधिकांश केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं नहीं पहुंची थीं, लेकिन इनके सोमवार रात या मंगलवार से पहुंचने की उम्मीद है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मूल्यांकन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, दूसरे जनपदों से आने वाली उत्तर पुस्तिकाओं को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कोठार में सुरक्षित रखा जाएगा। इन केंद्रों पर उप नियंत्रक, उप प्रधान परीक्षक और परीक्षकों की तैनाती की जा रही है। मूल्यांकन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं को कोठार से केंद्रों तक भेजने का कार्य जारी है। सोमवार तक अधिकांश केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं नहीं पहुंची थीं, लेकिन इनके सोमवार रात या मंगलवार से पहुंचने की उम्मीद है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने मूल्यांकन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत, दूसरे जनपदों से आने वाली उत्तर पुस्तिकाओं को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कोठार में सुरक्षित रखा जाएगा।जीजीआईसी से भी उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए अन्य जनपदों को भेजी जा रही हैं। शिया इंटर कॉलेज केंद्र पर सोमवार को लगभग 200 परीक्षकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डर का स्टॉ उपलब्ध

जौनपुर। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के दृष्टिगत जनपद के समस्त एलपीजी कनेक्शनधारकों को 92 गैस एजेन्सियों के माध्यम से घरेलू गैस सिलेण्डरों की सतत् आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा रही है। विगत माहों की भॉति ही बुकिंग के सापेक्ष नियत समयावधि में ही होम डिलीवरी के माध्यम से गैस सिलेण्डर उपलब्ध कराये जा रहे है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेण्डर का स्टॉक उपलब्ध है। उन्होने आमजन से अपील किया है कोई भी उपभोक्ता बिना बुकिंग कराये गैस सिलेण्डर प्राप्त करते हेतु अनावश्यक रूप से गैस एजेन्सी एवं गैस गोदाम पर भीड़ न लगाये। प्रमुख गैस कम्पनियों द्वारा उपलब्ध कराये गये बुकिंग ऐप्स व हेल्पलाइन नम्बर पर घर बैठे ही।

# हत्याकाण्ड में थानाध्यक्ष सहित तीन निलम्बित

जौनपुर । चंदवक थाना क्षेत्र के गोबरा गांव में एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस विभाग ने कार्रवाई हुई है। ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में चंदवक थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह, हल्का इंचार्ज उपनिरीक्षक सुरेश तिवारी और बीट आरक्षी राजकुमार यादव को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने यह कार्रवाई चंदवक में हुई घटना के बाद की है। उन्होने चेतावनी दी है कि जनता की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक होने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी और काम में ढिलाई बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निलंबित किए गए पुलिसकर्मी अपराध रोकने में नाकाम रहे थे। ज्ञात हा कि चंदवक थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर रविवार देर रात लाठी–डंडों से पीटकर एक युवक की हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान गोबरा गांव निवासी सच्चिदानंद मिश्रा के रूप में हुई थी। घटना के बाद गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है। सच्चिदानंद मिश्रा पुत्र रामचरन मिश्रा का अपने पड़ोसी विष्णु मिश्रा से जमीन और लेन–देन को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि इसी विवाद के चलते विष्णु मिश्रा ने 12 मार्च को सच्चिदानंद को फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी थी। सच्चिदानंद मिश्रा गांव के पास ताडक मिश्रा के ट्यूबल मशीन पर थे। इसी दौरान कुछ हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया। हमलावरों ने सच्चिदानंद को लाठी–डंडों से बुरी तरह पीटा, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख–पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चंदवक पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल सच्चिदानंद मिश्रा को तुरंत डोभी सीएससी बीरीबारी भेजा गया।

# मनरेगा की मजदूरी को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

जौनपुर । केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी और संविदा कर्मियों को लम्बे समय तक मानदेय न दिए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर के विकास भवन में धरना प्रदर्शन कर सरकार से अविलंब मजदूरी दिए जाने की मांग की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि विगत कई महीने से उत्तर प्रदेश में मनरेगा मजदूरों को उनके परिश्रम की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है, साथ ही आठ महीने से मनरेगा के काम में लगे प्रदेश के चालीस हजार से अधिक रोजगार सेवकों और मनरेगा संविदा कर्मियों का मानदेय भुगतान सरकार नहीं कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा प्रमोद कुमार सिंह ने सरकार पर मजदूरों का धन हड़पने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है, मजदूर और गरीब वर्ग भीषण महगाई की मार झेल रहा है। शहर अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि सरकार मनरेगा मजदूरों का हक छीनकर, उनके मेहनत मजदूरी का पैसा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए लगाया जा रहा है। प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सीडीओ को सौंपा। सत्यवीर सिंह, देवराज पांडेय, विनय तिवारी ,शेर बहादुर सिंह, मुहम्मद ताहिर, शैलेन्द्र यादव, संदीप निषाद,संजय निषाद,लोकेश दूबे,असरफ अली, लालती देवी, आरती देवी, आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश मिश्रा ने किया।

# अराजक तत्वों पर होगी कड़ी कार्यवाहीरुसृष्टि जैन

जौनपुर। जफराबाद थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस द्वारा शांति समिति की अहम बैठक बुलायी गयी। बैठक को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक थानाध्यक्ष आईपीएस सृष्टि जैन ने लोगो ईद के त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने को कहा।उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अराजकता की बात की सूचना मिले तो तुरन्त पुलिस को सूचित करें।कोई भी गड़बड़ी करेगा।उसको बख्शा नही जाएगा।समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर आपसी सद्भाव बनाये रखने की जिम्मेदारी है।सुश्री जैन ने कहा वैसे पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है।उन्होंने मौजूद लोगों से उनके विचार भी लिये।कार्यक्रम में सहयोगी थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल,एस एस आई अरविंद सिंह ने भी लोगों को सम्बोधित किया।सुश्री जैन ने ईद की अग्रिम शुभकामनाएं भी दिया। बैठक में अखिलेन्द्र सिंह,फकरुद्दीन, खुर्शीद,अनिल यादव मंसूर,कादिर खान,जाहिद खान,चन्दन चौहान,आदि मौजूद रहे।

# तालाब पाटकर निर्माण किया

जौनपुर। बक्शा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पूरा शेरखां दक्खिनपट्टी में ग्राम सभा की सार्वजनिक तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा तालाब को पाटकर उस पर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिससे जल निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है और गांव में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।बताया गया कि ग्राम सभा की जल खाते की भूमि, जो अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, पर गांव निवासी विश्वनाथ पुत्र रजिन्दर द्वारा कथित रूप से ग्राम प्रधान व कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध कब्जा कर लिया गया है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने समय–समय पर तालाब में मिट्टी डालकर उसे पाट दिया, पेड़ लगाकर ईंट का चबूतरा बनाया और अब बाउंड्री वाल का निर्माण भी कर लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब के पाटे जाने के कारण बरसात और नाली का पानी अब तालाब में न जाकर मुख्य रास्ते पर भर जाता है। इससे पूरे मार्ग पर जलभराव हो गया है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए रास्ता पार करना जोखिम भरा हो गया है, वहीं गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर संबंधित व्यक्ति और उसके परिजन गाली–गलौज करते हैं और झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। यहां तक कि रास्ते पर पत्थर फेंककर लोगों को परेशान किया जाता है, जिससे कई बुजुर्ग गिरकर घायल भी हो चुके हैं।बताया गया कि इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा थाना दिवस में भी प्रार्थना पत्र दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वर्तमान में समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है।

# पड़ोसी पर सामान जलाकर पीटने का आरोप

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव निवासी विजय बहादुर यादव ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये षिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उसके पड़ोसी सिकन्दर यादव पुत्र स्व० रामजगत यादव निवासी ग्राम हमजापुर दबंग व्यक्ति है। उसके परिवार वालों को आये दिन तरह–तरह से उत्पीडन करते रहते हैं। बीते 10 मार्च को वह अपनी लड़की की शादी के लिए कुछ घरेलु सामान इकट्ठा कर रखा था तथा कुछ सूखी लकड़ियों, उपली, तिरपाल व अन्य वस्तुए अपने घर के सामने रख कर उसको प्लास्टिक की पन्नी से ढक दिया था तथा अपनी भान्जी की शादी मेंपरिवार सहित ग्राम–चन्दवक, चला गया था।दूसरे दिन जब अपने घर आया तो पता चला की उसकी सूखी लकड़िया, उपली व अन्य वस्तुए तिरपाल, पन्नी सिकन्दर यादव व उसकी पत्नी शीला यादव व उसकी पुत्री पूजा यादव ने आग लगा कर जला दिया है तब , भाई विजय बहादुर यादव इसीबात की उलाहना देने उसके घर गया तो वहां शीला यादव पत्नी सिकन्दर यादव व पूजा यादव पुत्री सिकन्दर यादव प्रार्थी को गालियां देने लगे और कहा हमारे खेत में क्यो अपना सामान रखे थे इसीलिए जला दिया।

# राज्यसभा चुनाव में वोटिंग हो या क्रास वोटिंग, NDA का राजनीतिक प्रबंधन लाजवाब है

हम आपको बता दें कि इन चुनावों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के कई दिग्गज नेता और अन्य सहयोगी दलों के प्रमुख चेहरे राज्यसभा पहुंचे। वहीं कई राज्यों में विपक्षी दलों के उम्मीदवार या तो निर्विरोध जीत गए या फिर मुकाबले में पूरी तरह पिछड़ गए।देश के दस राज्यों में हुए द्विवार्षिक राज्यसभा चुनावों ने एक बार फिर भारतीय राजनीति की दिशा और दशा दोनों को स्पष्ट कर दिया है। कुल 37 सीटों के लिए हुए इस चुनाव में जहां कई उम्मीदवार निर्विरोध जीतकर उच्च सदन पहुंचे, वहीं ग्यारह सीटों पर हुए मुकाबले ने सत्ता और विपक्ष की वास्तविक ताकत को उजागर कर दिया। खासकर बिहार, हरियाणा और ओडिशा में जो नतीजे सामने आए, उन्होंने यह साबित कर दिया कि भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन राजनीतिक कौशल और संगठनात्मक मजबूती में विपक्ष से कई कदम आगे है। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैहम आपको बता दें कि इन चुनावों में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के कई दिग्गज नेता और अन्य सहयोगी दलों के प्रमुख चेहरे राज्यसभा पहुंचे। वहीं कई राज्यों में विपक्षी दलों के उम्मीदवार या तो निर्विरोध जीत गए या फिर मुकाबले में पूरी तरह पिछड़ गए। लेकिन असली कहानी उन राज्यों में लिखी गई जहां मुकाबला हुआ और वहां विपक्ष की कमजोरी खुलकर सामने आ गई।बिहार की बात करें तो आपको बता दें कि राज्य में पांच सीटों के लिए हुए चुनाव में एनडीए ने क्लीन स्वीप कर विपक्ष को करारी शिकस्त दी। यह जीत केवल संख्या बल की नहीं बल्कि रणनीतिक कौशल की भी जीत थी। एनडीए ने पहले से तय कर लिया था कि पांचवीं सीट के लिए दूसरा वरीयता मत निर्णायक होगा और उसी के अनुसार पूरी रणनीति बनाई गई। विपक्ष के पास 41 विधायक थे, लेकिन मतदान के समय चार विधायक गायब हो गए। तीन कांग्रेस और एक राजद विधायक के अनुपस्थित रहने से विपक्ष की पूरी रणनीति ध्वस्त हो गई। दूसरी ओर एनडीए ने अपने सभी 202 विधायकों का मतदान सुनिश्चित कर विपक्ष को पूरी तरह चित कर दिया।दूसरी वरीयता मतों की गिनती में एनडीए उम्मीदवार शिवेश कुमार ने आसानी से जीत हासिल कर ली। यह वही मोड़ था जहां विपक्ष पूरी तरह खेल से बाहर हो गया। यह नतीजा केवल हार नहीं बल्कि विपक्ष की संगठनात्मक विफलता का प्रतीक बन गया। राजनीतिक तौर पर यह संदेश साफ है कि बिहार में विपक्ष न केवल बिखरा हुआ है बल्कि अपने ही विधायकों पर नियंत्रण खो चुका है। कांग्रेस में संभावित टूट और राजद के भीतर असंतोष अब खुलकर सामने आ चुका है। उधर, भाजपा शासित हरियाणा में दो सीटों के लिए हुए चुनाव में भाजपा और कांग्रेस को एक एक सीट मिली, लेकिन असली कहानी यहां भी अंदरखाने चली रणनीति की रही। भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया ने पहले वरीयता मतों में ही कोटा पार कर शानदार जीत दर्ज की। कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की जीत जरूर हुई, लेकिन यह जीत बेहद संघर्षपूर्ण रही। कांग्रेस के चार वोट अमान्य हो गए और पांच वोट भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार की ओर चले गए। यानी विपक्ष यहां भी पूरी तरह



संगठित नहीं दिखा। यह नतीजा बताता है कि हरियाणा में भाजपा न केवल मजबूत स्थिति में है बल्कि विपक्ष के भीतर सेंध लगाने की क्षमता भी रखती है। कांग्रेस की जीत यहां राहत जरूर है, लेकिन अंदरूनी कमजोरी साफ दिखाई दे रही है। कांग्रेस के लिए यह बहुत बड़ा झटका है कि राज्य में उसके 25 प्रतिशत विधायक अब उसके साथ नहीं हैं।वहीं ओडिशा में जो हुआ, वह विपक्ष के लिए सबसे बड़ा झटका साबित हुआ। यहां भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप रे ने जीत हासिल कर सबको चौंका दिया। यह जीत सामान्य नहीं थी, बल्कि बड़े पैमाने पर हुई क्रॉस वोटिंग का नतीजा थी। बीजद और कांग्रेस के ग्यारह विधायकों ने पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर वोट किया, जिससे भाजपा को अप्रत्याशित बढ़त मिल गई। संख्या बल में पीछे होने के बावजूद भाजपा ने राजनीतिक प्रबंधन और संपर्क क्षमता के दम पर जीत हासिल की। यह परिणाम बताता है कि ओडिशा में भाजपा तेजी से मजबूत हो रही है और बीजद के लिए संघर्ष बढ़ गया है। विपक्षी एकता यहां पूरी तरह बिखरती नजर आई। उधर, अन्य राज्यों में देखें तो पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों में कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ दलों और कांग्रेस के नेताओं ने बिना मुकाबले राज्यसभा में जगह बनाई। महाराष्ट्र में सातों उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना भी राजनीतिक सहमति का उदाहरण रहा। हालांकि इन राज्यों में सीधा मुकाबला नहीं था, लेकिन यह भी स्पष्ट हुआ कि जहां भाजपा का सीधा प्रभाव नहीं है, वहां विपक्षी दल आपसी समझौते से काम चला रहे हैं।देखा जाये तो इन चुनावों के नतीजों ने भारतीय राजनीति में एक बड़ा संदेश दिया है। भाजपा और एनडीए अब केवल चुनाव जीतने वाली मशीन नहीं रहे, बल्कि वे राजनीतिक रणनीति, विधायकों के प्रबंधन और अवसर को भुनाने में भी माहिर हो चुके हैं। दूसरी ओर विपक्ष की हालत बेहद कमजोर नजर आई। अपने ही विधायकों को एकजुट रखने में असफलता, क्रॉस वोटिंग, अनुपस्थिति और अंदरूनी कलह ने उनकी साख को गहरा नुकसान पहुंचाया है। बिहार और ओडिशा जैसे राज्यों में विपक्ष की हार केवल सीटों की हार नहीं है, बल्कि यह विश्वास की हार है।

## सम्पादकीय

### केंद्र का दिशा-निर्देश

इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि केंद्र असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए।

पूरे भारत को अपनी विचारधारा के रंग में ढालने की मुहिम में जुटी नरेंद्र मोदी सरकार को ऐसे कदमों पर हो रही प्रतिक्रियाओं को लेकर अवश्य सचेत रहना चाहिए। इस बहुलता भरे देश में असहमत विचार और विरोधी भावनाओं की एक सीमा से ज्यादा अनदेखी विपरीत परिणाम दे सकती है। इसलिए बेहतर होगा कि सरकार असहमत समूहों के साथ संवाद कायम करने का नजरिया अपनाए। इस हफ्ते ऐसी दो घटनाएं हुईं, जिन्हें केंद्र के अति–उत्साह की प्रतिक्रिया समझा जाएगा।

बीते 28 जनवरी को केंद्र ने दिशा–निर्देश जारी कर राष्ट्रगान से पहले राष्ट्रगीत गाना और वंदे मातरम के सभी छह स्तोत्र गाना अनिवार्य कर दिया था। गुजरे मंगलवार को नगालैंड विधानसभा ने इस मुद्दे को प्रवर समिति को भेजने का फैसला किया कि क्या ये दिशा–निर्देश उस राज्य पर भी लागू होता है। इसके पहले बजट सत्र की शुरुआत पर पहली बार गन–गण–मन से पहले सदन में वंदे मातरम गाया गया। उस पर भाजपा को छोड़ सभी दलों के सदस्यों ने आपत्ति जताई। उनमें सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दल भी हैं, हालांकि ये गठबंधन केंद्र में सत्ताधारी एनडीए का हिस्सा है। कई सदस्यों ने कहा कि इस मामले से ष्संवैधानिक एवं अंतरात्मा से संबंधितष सवाल खड़े हुए हैं। यह भी कहा गया कि केंद्र का दिशा–निर्देश देशभक्ति और एकरूपता का घालमेल करता मालूम पड़ा है।

इस बीच रेलवे स्टेशनों पर अन्य लिपियों में हिंदी शब्द लिखने को लेकर तमिलनाडु में विवाद गरमा गया है। बुध् ावार को तिरुचि स्टेशन पर अधिकारियों ने हिंदी, अंग्रेजी, और तमिल में लिखे कर्त्तव्य–द्वार शब्द को हटा दिया। कहा कि ऐसा जन भावनाओं का ख्याल करते हुए किया गया है। इसके पहले डीएमके समर्थकों ने गेट पर बने मेहराब पर लिखे इन शब्दों पर कालिख पोत दी थी। मुख्यमंत्री एम।के। स्टालिन ने इसे श्एक भाषा, तीन लिपिय नीति बताते हुए इस पर कड़ा एतराज जताया था। संकेत हैं कि तमिलनाडु में अब अन्य जगहों पर भी हिंदी विरोधी समूह इस मुद्दे पर विरोध जताने की तैयारी में हैं। ऐसी हर घटना राष्ट्रीय मेलजोल की भावना में पेच डालती है। अतरू उचित यही होगा कि इन पर अविलंब ध्यान दिया जाए।

### पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी

भारत में शिक्षा की क्या स्थिति है और खास कर विज्ञान व प्रौद्योगिकी की शिक्षा में भारत कहां खड़ा है इसकी एक तस्वीर इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के एक्सपो में देखने को मिली। भारत सरकार के एनआईआरएफ यानी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और निजी संस्थाओं की रैकिंग में बहुत ऊपर स्थान हासिल करने वाले गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने अपने एक्सपो में एक रोबोडॉग प्रस्तुत किया। यूनिवर्सिटी की एक प्रोफेसर ने मीडिया के सामने कहा कि इसका नाम ओरायन है और इसे यूनिवर्सिटी के सेंटर ऑफ एक्सलेंस में तैयार किया गया है।

लेकिन चंद घंटों में पता चलह्म् कि वह रोबोडॉग चीन का बना हुआ है, जो दो से ढाई लाख रुपए की कीमत में बाजार में उपलब्ध है। उसी यूनिवर्सिटी ने कोरिया का बना एक ड्रोन भी अपना बना कर एक्सपो में पेश किया। ऐसा नहीं है कि यह काम सिर्फ एक यूनिवर्सिटी ने किया। बाकियों की जांच पघ्ड़ताल नहीं हुई या गलगोटिया यूनिवर्सिटी का मामला पहले खुल गया तो बाकी सावधान हो गए। अन्यथा यही स्थिति सभी निजी विश्वविद्यालयों की है। किसी के पास अपना एक इनोवेशन, अपनी एक तकनीक, अपना एक उत्पाद दिखाने के लिए नहीं है।एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने जो किया उससे पूरी दुनिया में भारत की भद्द पिटी। चीन की वेबसाइट्स पर भारत का मजाक बनाया गया। भारत में भी कुछ मीडिया और वैकल्पिक मीडिया में इसका मजाक बना। लेकिन जल्दी ही नैरेटिव बदलने का खेल शुरू हो गया। बड़े बिजनेस अखबारों में छपने लगा कि गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई के रिसर्च पर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। सोचें, साढ़े तीन सौ करोड़ रुपए की रिसर्च का नतीजा यह है कि चीन का रोबोडॉग खरीदने का जुगाड़ हुआ और एक्सपो में डिस्प्ले कर दिया गया! सोचें, यह कितने शर्म की बात है कि, जो रोबोडॉग एक्सपो में दिखाय गया वह तकनीक का सबसे बेसिक मॉडल है। यह बैटरी और चाबी से चलने वाले बच्चों के खिलौने का विकसित रूप है। इस तरह के रोबोट दुनिया में कितने बरसों से बन रहे हैं, जो घरों में काम करते हैं। रेस्तरां में काम करने और भोजन आदि सर्व करने वाले रोबो वेटर कितने बरस पहले बन गए। अनमैन्ड ड्रोन कई तरह के काम कर रहे हैं। उसी तरह यह रोबोडॉग है, जो कुछ काम कर सकता है। दुर्गम इलाकों में जाकर तस्वीरें आदि खींच सकता है।

# राजनीतिक जंग के आगाज में लोकतांत्रिक मूल्य फिर दांव पर

इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी



परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं होते, बल्कि वे लोकतंत्र की परिपक्वता, जनविश्वास और राजनीतिक संस्कृति की परीक्षा भी होते हैं। जब किसी राज्य या क्षेत्र में चुनाव की घोषणा होती है तो स्वाभाविक रूप से राजनीतिक गतिविधियां तेज हो जाती हैं, आरोप–प्रत्यारोप का दौर चलता है और दल अपने–अपने एजेंडे को लेकर जनता के बीच पहुंचते हैं। किंतु इस पूरी प्रक्रिया के केंद्र में एक संस्था की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है–भारत का चुनाव आयोग। यही संस्था सुनिश्चित करती है कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और हिंसा–मुक्त वातावरण में संपन्न हों। इस बार असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसे चार बड़े राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही देश की राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इन पांचों स्थानों की कुल 824 विध ाानसभा सीटों पर मतदान होना है और देश के 17.4 करोड मतदाताओं के मन एवं मानसिकता की जानकारी भी मिलेगी। पिछली बार की तुलना में इस बार मतदान कम चरणों में संपन्न कराया जा रहा है, जो प्रशासनिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण परिवर्तन माना जा सकता है। असम, केरल और पुडुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान प्रस्तावित है, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में आयोजित किए जा रहे हैं–पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों की ओर पूरे देश की निगाहें लगी हुई हैं, क्योंकि इनके परिणाम केवल इन राज्यों की राजनीति ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।इन चुनावों का महत्व केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के लोकतांत्रिक स्वास्थ्य की भी परीक्षा है। विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में लंबे समय से राजनीतिक संघर्ष और टकराव की स्थिति देखने को मिलती रही है। वहां सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस और मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के बीच तीखी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा है। इस प्रतिस्पर्धा के कारण कई बार चुनावी हिंसा और राजनीतिक तनाव की घटनाएं भी सामने आती रही हैं। इसलिए यह चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं बल्कि यह भी एक कसौटी है कि क्या लोकतांत्रिक प्रक्रिया हिंसा और भय से मुक्त रहकर संपन्न हो सकती है। लोकतंत्र का मूल आधार यह है कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी दबाव, भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में इस आदर्श को बनाए रखना आसान नहीं है। चुनाव आयोग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे। इसके लिए आयोग को सुरक्षा बलों की तैनाती, मतदान केंद्रों की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीनों की सुरक्षा और मतदाता सूची की शुद्धता जैसे अनेक पहलुओं पर लगातार निगरानी रखनी पड़ती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिक दलों और उनके कार्यकर्ताओं के आचरण पर भी नजर रखना जरूरी होता है ताकि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो।इन चुनावों के संदर्भ में पश्चिम बंगाल विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है। लंबे समय से वहां राजनीतिक हिंसा और टकराव की घटनाएं सामने आती रही हैं। कई विश्लेषकों का मानना है कि इस बार वहां सत्ता परिवर्तन की संभावना के कारण राजनीतिक संघर्ष और तीखा हो सकता है। सत्तारूढ़ नेतृत्व का प्रतिनिधित्व करने वाली ममता बनर्जी की सरकार के सामने सत्ता बनाए रखने की चुनौती है, वहीं विपक्ष अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इस परिस्थिति में चुनाव आयोग की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण बनाए रखे। दूसरी ओर केरल और तमिलनाडु की राजनीति भी अपने विशिष्ट स्वरूप के कारण चर्चा में रहती है। केरल में आमतौर पर सत्ता दो प्रमुख राजनीतिक मोर्चों के बीच बदलती रही है, जबकि तमिलनाडु की राजनीति क्षेत्रीय दलों के प्रभाव के लिए जानी जाती है।

# बिहार के बाद अब पश्चिम बंगाल की बारी

एस. सुनील

अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है। भारतीय जनता पार्टी ने बिहार का किला फतह कर लिया है। अब पश्चिम बंगाल की बारी है। ध्यान रहे उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत के सिर्फ तीन बड़े राज्य ऐसे थे, जहां भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री नहीं बन पाया था। 2024 में उनमें से एक राज्य ओडिशा में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की और उसका मुख्यमंत्री बना। भाजपा ने 25 साल का नवीन पटनायक का राज खत्म किया। उसके बाद अब बिहार में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। 20 साल का नीतीश कुमार का राज समाप्त हो रहा है। यह संयोग भी है कि ये दोनों राज्य किसी समय बंगाल का हिस्सा रहे थे। इनके बाद अब बंगाल की बारी है। भारतीय जनता पार्टी कुछ इसी अंदाज में चुनाव की तैयारी कर रही है। इतिहास में भी दिल्ली और देश पर उसी का राज मजबूत हुआ, जिसका बंगाल पर कब्जा था। दक्कन यानी दक्षिण भारत की लड़ाई उसके बाद लड़ी जाती है। हालांकि भाजपा एक साथ दक्षिण भारत की लड़ाई भी लड़ रही है।

बहरहाल, पश्चिम बंगाल की चुनावी लड़ाई आर–पार की सिर्फ इसलिए नहीं है कि वहां भाजपा को अपनी सरकार बनानी है या अपना मुख्यमंत्री बनाना है। यह कई दूसरे कारणों से आर–पार की लड़ाई है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा चुनाव है। ध्यान रहे हर चुनाव के साथ सुरक्षा की चिंता गहराती जाती है। पांच साल पहले जो चुनाव हुआ वह भी राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाली हिंदुओं की सुरक्षा से जुड़ा था। तभी भाजपा के पक्ष में व्यापक हिंदू ध् रुवीकरण हुआ था। भाजपा को 40 फीसदी से कुछ कम वोट मिले थे। लेकिन चुनाव नतीजों के बाद जो हुआ उसने चिंता को कई गुना बढ़ा दिया। दो मई 2021 को आए नतीजों के बाद राज्य के कई हिस्सों में बड़ी हिंसा हुई। भाजपा का समर्थन करने वाले हिंदुओं की पहचान पहले से की गई थी। नतीजों के बाद उनके घरों पर हमले हुए। उनको मारा गया। सैकड़ों हत्याएं हुईं, जिसे नस्ली सफाए की कोशिश कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस बार के चुनाव पर उस डर का साया साफ दिख रहा है। बंगाल के लोगों को इस डर से बाहर निकलना होगा। भारतीय जनता पार्टी को यह भरोसा दिलाना होगा कि वह आम लोगों के साथ खड़ी है। सुरक्षा बलों की तैनाती अपनी जगह है। लेकिन वह स्थायी समाधान नहीं है क्योंकि केंद्रीय बलों की तैनाती अनंतकाल तक नहीं हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के राज और उसमें एक समुदाय की ओर से होने वाले अत्याचार से त्रस्त लोगों को अगर यह भरोसा नहीं हुआ कि भाजपा जीतेगी और उसके बाद जमीनी हालात बदलेंगे, तब तक वह हिम्मत के साथ मतदान के लिए नहीं निकलेगा। उसके मनोविज्ञान में पिछली बार के चुनाव के बाद हुई हिंसा की तस्वीरें बैठी हुई हैं। इसलिए वह डरा हुआ है लेकिन यह भी चाहता है कि किसी तरह के बदलाव हो। यह पहला मौका है, जब बांग्लाभाषी हिंदू वास्तव में इस बात की चिंता कर रहा है कि अगर तृणमूल कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई तो उसका क्या होगा! इसलिए वे सत्ता परिवर्तन चाहते हैं लेकिन उससे पहले उनको हौसला और संबल चाहिए।

इस बार का विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए अपने साथ साथ परिवार और पार्टी का अस्तित्व बचाने वाला चुनाव बन गया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पता है कि अगर उनकी पार्टी चुनाव हारी तो उसका हस्र भी वैसा ही होगा, जैसा वामपंथी मोर्चे की जीत के बाद कांग्रेस का हुआ था और तृणमूल की जीत के बाद वाम मोर्चे की पार्टियों का हुआ था। एक बार चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होने के बाद कोई साथ नहीं देगा। तभी वे भी आर–पार की लड़ाई की तैयारी में हैं। उनकी तैयारी में एक बड़ी बाधा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर से पैदा हो रही है। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के सारे दांव फेल कर दिए हैं। गौरतलब है कि बिहार में एसआईआर शुरू होने के बाद पश्चिम बंगाल की सरकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को ऐसे प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए, जो एसआईआर की प्रक्रिया में मददगार बने। तभी एसआईआर के पहले चरण के बाद बंगाल में 58 लाख ही नाम कटे, जबकि बिहार में 69 लाख नाम कटे थे।

एसआईआर के दूसरे चरण के बाद यानी तमाम अदालती हस्तक्षेप के बाद जो अंतिम मतदाता सूची सामने आई उसमें भी 60 लाख नाम विचाराध ीन कर दिए गए। इन मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच का जिम्मा अब न्यायिक अधिकारियों के हाथ में है। पिछले एक हफ्ते में इन 60 लाख मतदाताओं में से सिर्फ 10 फीसदी यानी छह लाख मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच हो पाई है। ध्यान रहे अगले एक हफ्ते में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। सोमवार और मंगलवार को चुनाव आयोग की टीम बंगाल में रहेगी और लौटने के बाद अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देकर चुनाव की घोषणा कर दी जाएगी। जाहिर है इतने कम समय में सभी 60 लाख नामों की जांच नहीं हो पाएगी। इस बीच राज्य की विपक्षी पार्टियों, जिसमें वाममोर्चा और कांग्रेस मुख्य हैं, ने यह मांग शुरू कर दी है कि जब तक सारे नामों की जांच नहीं हो जाती है तब तक चुनाव की घोषणा नहीं होनी चाहिए। अगर ऐसा होता है तो यह ममता बनर्जी के लिए ज्यादा चिंता की बात होगी क्योंकि 60 लाख मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच के लिए चुनाव टालना पड़ेगा और अगर चुनाव टला तो राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाएगा। ध्यान रहे पूर्व आईपीएस अधिकारी और तमिलनाडु में तीन साल से ज्यादा समय तक राज्यपाल रहे रविंद्र नारायण रवि को बंगाल का राज्यपाल बनाया गया है। वे बिहार के रहने वाले हैं। राष्ट्रपति शासन लगते ही सरकार की कमान उनके हाथ में चली जाएगी।शासन और नौकरशाही की कमान हाथ से निकलने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी और उनके कैडर में घबराहट बढ़ेगी, जिसका बहुत बड़ा चुनावी नुकसान उनको हो सकता है। पिछले दिनों ममता बनर्जी ने कहा कि उनके चुनाव क्षेत्र भबानीपुर में 44 हजार नाम काटे गए हैं और कई हजार नाम विचाराधीन रखे गए हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि अगर एक भी मतदाता बचेगा तो वे ही चुनाव जीतेंगे। इससे ऐसा लग रहा है कि वे नहीं चाहती हैं कि चुनाव टले और राष्ट्रपति शासन में चुनाव हो। वे चाहेंगी कि भले 40 या 50 लाख नाम और कट जाएं, लेकिन चुनाव समय पर हो जाए। ऐसा होता है तो यह अभूतपूर्व बात होगी। ध्यान रहे बंगाल में अंतिम मतदाता सूची में 63 लाख से ज्यादा नाम कटे हैं और 60 लाख नाम विचाराधीन हैं। अगर समय पर चुनाव होता है तो संभव है कि बंगाल में एक करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के बगैर चुनाव हो।

बहरहाल, एक तरफ भाजपा की आखिरी किला फतह करने की तैयारी है तो दूसरी ओर बांग्ला भाषी हिंदुओं की सुरक्षा का मामला है और तीसरी ओर ममता बनर्जी की अपनी चिंताएं हैं। लेकिन इन तीनों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा भी जुड़ा हुआ है। पश्चिम बंगाल की सीमा बांग्लादेश से लगती है और राज्य सरकार की ओर से जमीन नहीं दिए जाने की वजह से बड़े इलाको में बाड़ लगाने का काम नहीं हो पाया है। इसकी वजह से घुसपैठ और तस्करी बहुत आम है। पश्चिम बंगाल और बिहार के कई सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी इतनी बढ़ी है कि जनसंख्या संरचना बदल गई है। घुसपैठ को रोकना देश की सुरक्षा और जनसांख्यिकी दोनों के लिए बहुत अहम है।

संभवतरू इसलिए पिछले दिनों केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के सीमांचल में तीन दिन का प्रवास किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। उसके बाद ही खबर आई कि बिहार के किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार के साथ पश्चिम बंगाल के माल्दा और उत्तरी दिनाजपुर को मिला कर एक अलग केंद्र शासित प्रदेश बनाया जा सकता है। ध्यान रहे जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद वहां सुरक्षा हालात में व्यापक सुध ाार हुआ है। उस मॉडल पर कुछ करने की तैयारी हो सकती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज असंभव सा लगने वाले किसी काम में आज आपको सफलता मिलेगी।

वृष राशि–
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज ऑफिस में कार्यभार अधिक होने से आपको थकान लगेगी फिर भी आप किसी काम के लिए

मिथुन राशि–
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल होंगे, घर के लिए कुछ नये सजावट के सामान की खरीदारी करेंगे।

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज परिवार वालों का सहयोग प्राप्त होगा। आपके सालों से रुके हुए पैसे वापस दिलाने मे कुछ इष्ट मित्र मददगार साबित होंगे।

सिंह राशि–
आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी। आज आओ जीवनसाथी के सहयोग से घरेलू कार्य पूरा करने में सफल होंगे।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये बहुत फायदेमंद साबित होगी।

तुला राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। आज आपको किसी यात्रा पर जाने का योग बन रहा है

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिये सामान्य रहने वाला है। आज किसी खास रिश्तेदार की मदद से आपका रुक हुआ काम समय पर पूरा ही जाएगा।

धनु राशि'–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा सपोर्ट करेंगे। जल्दबाजी में किए गए पूंजी निवेश से आपको थोड़ी बहुत टेंशन हो सकती है।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहने वाला है। आज आपके कार्यस्थल पर काम ज्यादा रहेगा।

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबार संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें।

मीन राशि–
आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद के लिए प्रसन्नता मिलेगी।

# बेड़ीपुलिया चौराहे के सौन्दर्यीकरण का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## - डीएम ने कहा कि ड्राइंग एवं डिजाइन ऐसा बनाएं कि पर्यटक हो आकर्षित



चित्रकूट। जिले में पर्यटन विकास एवं शहर के सौन्दर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बॉदा चित्रकूट मार्ग स्थित मुख्य मार्ग बेड़ीपुलिया चौराहे के सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण डीएम पुलकित गर्ग एवं एसपी अरूण कुमार सिंह ने किया। यह कार्य पर्यटन विभाग के अंतर्गत राज्य सेक्टर योजना से स्वी.त है तथा कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि. इकाई–13 बांदा द्वारा कराया जा रहा है।

परियोजना की स्वी.त लागत 620.95 लाख रुपये है। कार्य प्रारम्भ करने की तिथि मार्च 2026 निर्धारित है। इस परियोजना के अंतर्गत चौराहे पर प्रवेश द्वार, सैंड स्टोन पाथ–वे, म्यूरल वॉल, व्यू कटर जाली, छतरी व पैडेस्टल, चौराहे का सौन्दर्यीकरण, लैंडस्केपिंग एवं हॉर्टिकल्चर, इलेक्ट्रिकल व लाइटिंग कार्य, डस्टबिन, साइनेज तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का निर्माण कराया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित आर्किटेक्ट द्वारा परियोजना के अंतर्गत अब तक किए गए साइट विजिट की तिथियों एवं विवरण की सूचना शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि यातायात विभाग से आवश्यक एनओसी प्राप्त की गई है अथवा नहीं, इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि चौराहे पर बनने वाले निर्माण में ड्राइंग में संशोधन करते हुए इसकी चौड़ाई लगभग नौ मीटर रखी जाए। जिससे यातायात प्रभावित न हो तथा आवागमन सुचारु रूप से बना रहे। चौराहे पर स्थापित की जाने वाली भगवान श्री रामचंद्र की मूर्ति की ड्राइंग एवं डिजाइन भी समुचित रूप से तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि स्थल पर स्थित ट्रांसफार्मर को हटाने की संभावित लागत का आकलन शीघ्र कराया जाए तथा विद्युत शिटिंग के संबंध में आवश्यक पत्राचार तत्काल किया जाए। इसके अतिरिक्त जो सेल्फी प्वाइंट विकसित किया जा रहा है, उसकी 3–डी इमेज एवं फोटोग्राफ जिलाधिकारी से अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किए जाएं। इस दौरान डीएम ने नगर पालिका परिषद कर्वी के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिए कि टॉयलेट के सामने प्रस्तावित वेंडिंग जोन, पुलिस बूथ, हॉर्टिकल्चर क्षेत्र तथा अन्य सुविधाओं की जगह चिन्हित कर उनकी ड्राइंग एवं डिजाइन शीघ्र अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि पाथवे में जो एलाइन्मेंट संबंधी समस्याएं आ रही हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए तथा सेंटर एलाइनमेंट के डिजाइन को आर्किटेक्ट द्वारा पुनः व्यवस्थित किया जाए।हॉर्टिकल्चर कार्य के संबंध में निर्देश दिए गए कि प्लांटेशन, पार्किंग और पाथवे के बीच अव्यवस्थित रूप से न देकर मुख्यतः एंट्री और एग्जिट के पास किया जाए। हॉर्टिकल्चर का रखरखाव नगर पालिका द्वारा किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि फुटपाथ पर लगभग 3 मीटर की दूरी पर प्लांटर लगाए जाएं, सामान्य घास न लगाई जाए तथा दोनों ओर समान प्रकार के डेकोरेटिव प्लांटर लगाए जाएं। जिससे चौराहे का स्वरूप आकर्षक दिखाई दे। निरीक्षण के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि बेड़ीपुलिया चौराहे के पास पुलिया निर्माण का कार्य नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नगर पालिका को निर्देशित किया कि नीचे से बनी पुलिया का कार्य लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए मानक के अनुरूप पूर्ण कराया जाए।

# -22 मई से 23 जून तक होगी मकानों की गणना

चित्रकूट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" के अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व चन्द्रशेखर द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16, 17 एवं 18 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों से आए फील्ड ट्रेनर्स को जनगणना कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिससे आगामी जनगणना कार्य को सुचारु एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, मकानों की गणना, प्रपत्रों के सही भराव, डिजिटल माध्यमों के उपयोग तथा जनगणना के नियमों व प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 देश के विकास की योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। यह बताना आवश्यक है कि इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय लखनऊ के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स नवीन वर्मा व गीत श्रीवास्तव द्वारा अमित कुमार पटेल जिला प्रभारी जनगणना कार्य निदेशालय की देखरेख में संचालित इस प्रशिक्षण में मौजूद कुल 34 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर ब्लॉक व तहसील स्तर पर सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा तथा इन्हीं सुपरवाइजर द्वारा 22 मई से 30 जून के मध्य जनपद के समस्त मकानों की गणना का कार्य संपन्न कराया जाना है। प्रशिक्षण का डीएम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया तथा प्रशिक्षण के गुणवत्ता की सराहना की गई। हितधारकों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह जनगणना पहली बार डिजिटल माध्यम से हो रही है। ऐसे में सभी फील्ड ट्रेनर्स का हैंड्सऑन प्रशिक्षण अनिवार्य है। प्रशिक्षण के मास्टर ट्रेनर्स का उत्साहवर्द्धन करते हुए डीएम ने घोषणा किया कि अच्छे प्रशिक्षण के फलस्वरूप प्रशिक्षण के अंत में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा, किंतु प्रशिक्षण में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

# सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम को दिया ज्ञापन

चित्रकूट। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कार्यकर्ताओं के साथ उप जिलाधिकारी पूजा साहू को जिले में एलपीजी गैस सिलेण्डर की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में कराये जाने के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा।

विधायक ने कहा कि पूरे प्रदेश समेत जनपद में एलपीजी गैस सिलेण्डरों की भारी कमी व किल्लत है। लोगों को दिन भर लाइन में लगने के बावजूद भी गैस नहीं मिलती है । गैस एजेन्सियों द्वारा बुकिंग हेतु दिये गये टोल फ्री नम्बरों की व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। टोल फ्री नम्बरों पर फोन करने पर कोई भी बुकिंग नही हो पा रही है और न ही ओटीपी आ रही है। कामार्शियल गैस सिलेण्डर लगभग पूरी तरह से बंद कर दिये गये हैं जिससे होटल व रेस्टोरेंट व्यवसाय पूरी तरह से बंद होने की कगार पर है। शादी–समारोहो एवं अन्य आयोजनों में दिक्कते आ रही है। पहले 15 दिन में प्रति उपभोक्ता प्रति गैस सिलेण्डर की व्यवस्था थी जो अब इसको बढाकर 25 दिन करने का दावा किया जा रहा है। कई गैस एजेंसियों मैं गैस वितरण के साथ लड़ाई–झगड़े हो रहे हैं। जिला प्रशासन एवं गैस एजेंसी द्वारा वितरण की पूरी व्यवस्था की बात कही जा रही है किन्तु आम जनमानस को गैस सिलेण्डर नहीं मिल पा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा यह दावा किया जा रहा है कि गैस की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में है। समस्त गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है साथ ही कई–कई दिनों तक लाइन में लगने के बाद भी गैस नहीं मिल पा रही है। जिला प्रशासन द्वारा किये गये गैस सम्बन्धी दावे वास्तविकता से परे हैं । वहीं विधायक ने समस्या का समाधान कराने हेतु जल्द से जल्द कार्यवाही करने की बात कही साथ ही उप जिलाधिकारी पूजा साहू के माध्यम से राज्यपाल उप्र एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, जिला उपाध्यक्ष अरशद खान, हरीमोहन यादव, राहुल सोनी, अमन निशाद, अनिल आजाद, अजय वर्मा, जयकरन सिंह, अब्दुल हसरत, जाफर हुसैन, मो अनीस, विमल पाण्डेय, कैलाश सिंह, देव कुमार, सत्येन्द्र यादव, अनिकेत तिवारी, आशीष निषाद, शिवदत्त, शिवमोहन, सुनील, शैलेन्द्र सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिविर में सुधारी कमियां, 35 ऋण आवेदनों को मिली स्वीकृति

चित्रकूट। लंबित आवेदनों के निस्तारण के लिए ग्रमीण बैंक एवं स्टेट बैंक का विशेष शिविर लगा। जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्वरोजगार के अवसरों को गति देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय बेड़ीपुलिया में विशेष निस्तारण कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य ग्रामीण बैंक एवं स्टेट बैंक स्तर पर लंबित पड़े ऋण आवेदनों को तत्काल स्वी.ति प्रदान किया जाना था। क्षेत्रीय प्रबंधक की उपस्थिति में ऋण अधिकारियों द्वारा विभिन्न लंबित आवेदनों की गहनता से जांच की। आवेदनों में छोटी तकनीकी खामियां या दस्तावेजों की कमी थी उन्हें मौके पर ही आवेदकों से संपर्क कर दूर किया गया। कैंप के दौरान दोनों बैंकों से 35 पत्रावलियों को स्वीकृति प्रदान की गयी। इस मौके पर एलडीएम अनुराग शर्मा द्वारा बताया गया कि जनपद की पिछले माह की रैंकिंग 46 से वर्तमान माह में रैंकिंग 28 हो गयी है जो स्थिति में अच्छा सुधार दर्शाती है। इस अवसर पर डीएम द्वारा चयनित लाभार्थियों को चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्द्धान किया गया। साथ ही उपस्थित जिला उद्योग केन्द्र के उपायुक्त एवं युवा फेलो को सभी लंबित पत्रावलियों में कोटेशन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज पूर्ण कराकर शिविर के माध्यम से शीघ्र स्वी.ति कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# पीएम सूर्यघर और सीएम युवा रोजगार के आवेदकों को बैंक प्राथमिकता से मुहैया कराए ऋण : डीएम

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।बैठक में डीएम द्वारा राष्ट्रीय.त बैंको के ऋण जमा अनुपात एवं वार्षिक ऋण योजना की प्रगति बैंकवार समीक्षा की गई। उन्होंने ऐसे बैंको जिनका ऋण जमा अनुपात 40 प्रतिशत से कम है। उसमें सुधार किये जाने के निर्देश दिए। जनपद में कार्यरत प्राईवेट बैंकों द्वारा शासकीय ऋण योजनाओं में सहयोग न किये जाने पर शासकीय खातें इन बैंकों से हटाये जाने के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया। इसी प्रकार वार्षिक ऋण योजना की समीक्षा के दौरान .षि क्षेत्र, उद्योग, .षि उद्योग एवं सेवा क्षेत्रो में अधिक से अधिक ऋण स्वी.त कर सुधार लाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि बैंक एक सप्ताह में सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करें। उपायुक्त उद्योग केंद्र को बैंकों में लंबित आवेदनों में अनिवार्य रुप से कोटेशन इत्यादि दस्तावेज पूर्ण कराये जाने के लिए निर्देशित किया। जनपद के .षि क्षेत्र में चिंताजनक स्तिथि को देखते हुए टाप 100 चिन्हित बकायेदारों के विरुद्ध जारी अभियान में और तेजी लाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर एलडीम अनुराग शर्मा ने बताया कि फंसे हुए कर्जे की समय से अदायगी करने से बैंक द्वारा संशाधनों की अगली पीढ़ी तक आसान पहुंच सुनिश्चित हो पाती है। इसलिए आम जनमानस से अपील है कि बैंक द्वारा अपने लिए गये ऋणों का ससमय भुगतान करें। ताकि जनपद के सर्वागीण विकास के लिए सभी तक पूंजी की उपलब्धता का चक्र बना रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डीपी पील, एलडीएम अनुराग शर्मा, रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक सुधीर पांडेय, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार केशरवानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समस्त बैंको के जिला प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# अवैध खनन रोकने की मांग: विश्व हिन्दू महासंघ ने डीएम को सौंपा पत्र

बस्ती(आरएनएस )। सोमवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित पत्र प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से हो रही खुदाई और अवैध खनन को रोका जाय और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।पत्र देने के बाद विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि जानकारी मिली है कि खनन अधिकारी औरं खनन माफिया की मिली भगत से जनपद में विभिन्न स्थानों पर मानक के विपरीत अवैध रूप से धड़ल्ले से बालू, मिट्टी आदि का अवैध खनन किया जा रहा है। इससे भू–क्षरण की प्रबल आशंका है। इससे जन धन का काफी नुकसान हो सकता है। समय रहते अवैध खनन पर रोक लगाया जाय। उद्योग व्यापार मण्डल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता ने कहा कि जनपद में सरयू नदी की कोख को चीरकर बालू निकालने वाले अवैध खनन माफियाओं के साथ जिला प्रशासन की जुगलबंदी जारी है। अवैध बालू खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से उनका मनोबल बढ गया है। प्रशासन और बालू माफिया की मिली भगत से सरकार को करोड़ों रुपये का राजस्व का नुकसान हो रहा है। अवैध बालू खनन के कारण किसानो का फसल भी बर्बाद हो रही है.साथ ही किसानो के खेतो पर भी आने वाले समय में बहुत बड़ा प्रभाव पड़ने वाला है। यह स्थितियां गभीर है। पत्र देने के दौरान अखिलेश सिंह के साथ विवेक श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष सनातन रक्षा वाहिनी ,पंकज सिंह राजेश गुप्ता उपेन्द्र सिंह, अर्पण श्रीवास्तव, नागेंद्र सिंह, ऋषभ तिवारी, राजू राजभर, विकास सोनी, आलोक सोनकर, सौरभ त्रिपाठी राकेश सिंह, विपिन सिंह, अभिषेक आर्य, शिवम मिश्रा, सतीश गुप्ता, महिपाल, विवेक चौधरी, रजनीश चौधरी, प्रमोद चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मुण्डेरवा में रात्रिकालीन चिकित्सक, एक्सरे मशीन सही कराने की मांग: जिलाधिकारी को सौंपा पत्र

बस्ती(आरएनएस )। नगर पंचायत मुण्डेरवा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप जायसवाल और सामाजिक कार्यकर्ता अमित जायसवाल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुण्डेरवा में रात्रिकालीन चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ ही टिटनेस इंजेक्शन की ब्यवस्था और एक्स–रे मशीन की तत्काल मरम्मत कराकर उससे एक्सरे सेवा शुरू कराये जाने की मांग किया है।डीएम को सौंपे ज्ञापन में कुलदीप जायसवाल और अमित ने कहा है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुण्डेरवा में स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था कुछ समय से बहुत खराब है। स्थानीय नागरिकों एवं मरीजों द्वारा लगातार यह शिकायत की जा रही है कि रात्रिकालीन समय में अस्पताल में चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो पाती है, जिसके कारण आकस्मिक स्थिति में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध नहीं हो पाता तथा उन्हें गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। स्वास्थ्य केंद्र में पिछले लगभग दो माह से टिटनेस (टी.टी.) का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं है तथा एक्स–रे मशीन भी खराब अवस्था में पड़ी हुई है। परिणामस्वरूप दुर्घटना अथवा अन्य आपातकालीन स्थितियों में आने वाले मरीजों को आवश्यक जांच एवं उपचार हेतु निजी चिकित्सालयों या अन्य दूरस्थ अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है, जिससे आमजन को अनावश्यक आर्थिक भार एवं समय की हानि उठानी पड़ रही है।मांग किया कि प्रकरण को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुंडेरवा में रात्रिकालीन समय में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने, टिटनेस इंजेक्शन की समुचित उपलब्धता बहाल कराने तथा खराब पड़ी एक्स–रे मशीन की यथाशीघ्र मरम्मत कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया जाय। जिससे क्षेत्रीय जनता को समुचित एवं सुचारु स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें।

# गोरखपुर के नए एसपी सिटी को गोरखपुर को गोरखपुर की कमान

गोरखपुर (आरएनएस )के नए एसपी सिटी का पदभार संभालेंगे निमिष पाटिल। वर्तमान में गोरखपुर के एसपी सिटी रहे अभिनव त्यागी को भदोही की जिम्मेदारी सौंप गई है। शासन की तरफ से 7 आईपीएस अधिकारियों के तबादले के तहत की गई है यह कार्रवाई।शासन के तरफ से जारी आईपीएस अधिकारियों के तबादले की लिस्ट के तहत गोरखपुर के वर्तमान एसपी सिटी अभिनव त्यागी का तबादला भदोही हो गया है। अब वह वहां पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। तो वही गोरखपुर के नए एसपी सिटी निमिष पाटिल दशरथ होंगे। निमिष पाटिल इसके पूर्व गाजियाबाद कमिश्नरेट में पुलिस आयुक्त के पद पर अपनी सेवाए दे रहे थे। गोरखपुर में एसपी सिटी अभिनव त्यागी का कार्यक्रम कुल 18 महीने का रहा,इस दौरान उन्होंने कई बड़ी सफलतायें हासिल की, जैसे पशु तस्करी का मामला हो, या फिर इंश्योरेंस ठगी, हुक्का बार, सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, एयर फोर्स कर्मचारी का अपहरण, ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री का खुलासा जैसे कई मामलों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया। त्यागी 2019 बैच के आईपीएस रहे है।वही गोरखपुर के नए एसपी सिटी बनाए गए निमिष पाटिल 2020 बैच के आईपीएस है। और मूल रूप से महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले हैं। इन्होंने बीटेक तक की पढ़ाई पूरी की है। जल्द ही गोरखपुर के एसपी सिटी की जिम्मेदारी संभाललेंगे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र स्थित ग्राम गौरिया में 1857 की क्रांति की महानायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान सप्ताह दिवस पर शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। लक्ष्य परिवार चित्रकूट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कल्याण भारती इंटर कॉलेज कर्वी की प्रधानाचार्या कल्पना राजपूत के निर्देशन में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। यूपीएससी परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 212 प्राप्त करने वाले डॉ. यशवर्धन सिंह राजपूत ने दीप प्रज्वलित कर वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी, स्वामी ब्रह्मानंद और गुलाब सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने बच्चों को उनकी रुचियों, क्षमताओं और आधुनिक कौशल के आधार पर सही कैरियर चुनने के लिए प्रेरित किया। विशेषज्ञों ने आत्मविश्वास बढ़ाने, लक्ष्य निर्धारण और सही मार्गदर्शन के माध्यम से कैरियर के प्रति जुनून विकसित करने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश के जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिलहरे उपस्थित रहे। उन्होंने मंच से छात्रों को लंबे समय तक कैरियर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने माता–पिता और शिक्षकों से बच्चों की क्षमता पर विश्वास करने और उन्हें मानसिक सहारा देने की अपील की।

# मासूम का तालाब में मिला शव, डुबोकर कर मारने का आरोप

गोरखपुर(आरएनएस ) गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हुमायूंपुर उत्तरी में असम का रहने वाला एक परिवार झुग्गी में कबाड़ बिनकर अपना गुजर बसर कर रहा था उसका 9 वर्षीय बेटा रविवार की रात अपने साथी के साथ घर घर से निकला था और देर रात वापस नहीं आया परिजनों को जब चिंता हुई तो उन्होंने थाने में इस आशय की तहरीर दी द्य सोमवार को पुलिस को तालाब में शव मिलने की सूचना मिली तो पता चला कि अब्दुल का बेटा मेमिनुल हक हैद्य पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नाबालिक बाल अपचारी को अभिरक्षा में ले लिया द्यप्राप्त जानकारी के मुताबिक गोरखनाथ थाना क्षेत्र में रहने वाले अब्दुल का नाबालिक बेटा रविवार को रोजा इफ्तार करने के बात बगल के रहने वाले नाबालिक लड़के के साथ घर से निकाला था देर रात तक जब घर नहीं आया तो उसके पिता ने पुलिस को सूचना दी और खोज बीन शुरू कर दी उसका शव रेलवे लाइन के पास तालाब में मिला और इसकी सूचना अब्दुल ने पुलिस को दी पुलिस ने शव बरामद कर बाल अपचारी को अपनी अभिरक्षा में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया पुलिस इसके अलावा कई बिंदुओं पर भी जांच कर रही है

# विद्यालयों में गठित करना होगा परिवहन सुरक्षा समिति: 15 अप्रैल से चलेगा स्कूली वाहनों के जांच का अभियान- फरीदउद्दीन

बस्ती ।(आरएनएस ) स्कूली वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं, छात्रों के घायल होने या मौत मामलों को सरकार और शासन ने गंभीरता से लिया है। यह जानकारी देते हुये संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन फरीदउद्दीन ने बताया कि समस्त विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया है कि सर्वोच्च प्राथमिकता पर स्वयं सक्रिय होकर अपने विद्यालय में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन कर लें, और गठित समिति की नियमित बैठक सुनिश्चित करें। ताकि स्कूली वाहनों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानक पूर्ण किए जाने के संबंध में अपनी स्तर से सुनिश्चित किया जा सके।उन्होने बताया कि समस्त विद्यालय संचालक यह भी सुनिश्चित करें कि उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली 1998 में स्कूली वाहनों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानक पूर्ण किए जाने के संबंध में अपने स्तर से भली भांति जांच कर लें।भविष्य में स्कूल वाहनों से दुर्घटना घटित ना हो यह सुनिश्चित करने के लिए एक अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 के बीच प्रदेश के समस्त जनपदों में स्कूली वाहनों की सुरक्षा मानकों की जांच हेतु एक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है, यदि इन अभियान के दौरान कोई स्कूली वाहन निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया जाता है तो वाहन के पंजीयन निलंबन से लेकर विद्यालय की मान्यता निरस्त किए जाने एवं अन्य आवश्यक कानूनी कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का किया गया आयोजन

चित्रकूट। ब्लॉक संसाधन केन्द्र पहाड़ी के प्रांगण में "हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार पाण्डेय खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी एवं विशिष्ट अतिथि महेन्द्र सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी मौजूदद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश कुमार खण्ड शिक्षा अधिकारी ने किया। इस दौरान निपुण छात्र–छात्राओ को पुरस्.त किया गया। अतिथियों द्वारा लर्निंग कार्नर एवं टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा आकर्षक प्रदर्शनी की प्रसंशा की गई। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पेड़ तैयार तभी होता है जब पौधा सही होगा। नर्सरी का पौधा सही है तो फसल सही होगी। पोषण के माध्यम से अभी तक आंगनबाड़ी केंद्रों में विकास हो रहा था लेकिन अब शिक्षा के माध्यम से आप सभी को बच्चों का विकास करना है। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि हमारे आंगनबाड़ी केंद्रों में अभी पोषण के लिए जाना जाता था लेकिन अब पोषण के साथ–साथ शिक्षा की नीव मजबूत करने के लिए जाना जाएगा।

# बीर शिरोमणि रुपन बारी के चौथे स्मृति द्वार का उद्घाटन

बस्ती (आरएनएस )। जिले के हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के अमारी बाजार में भाजपा विधायक अजय सिंह द्वारा बारी समाज के पुरोधा रहे बीर शिरोमणि रुपन बारी. राष्ट्र गौरव जय कीरत बारी एवं राजा शिव दीन सिंह बारी के नाम का स्मृति द्वार का निर्माण कराया गया जिसका उद्घाटन रावत (बारी) एकता मंच बस्ती उत्तर प्रदेश के प्रमुख शिव कुमार कमल बारी एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया।क्षेत्र के अमारी बाजार में लगे स्मृति द्वार को विधायक श्री सिंह द्वारा विधायक निधि से किया गया है. रावत (बारी) एकता मंच के अनुरोध पर विधायक अजय सिंह द्वारा लगाये गये इस स्मृति द्वार के लग जाने से अब बस्ती जिले में कुल चार स्मृति द्वार हो गये। अखिल भारतीय बारी संघ उत्तर प्रदेश के सचिव रामभवन बारी ने कहा कि शिव कुमार कमल बारी की टीम के अथक प्रयास से कप्तानगंज. रुधौली. महादेवा एवं हर्रैया विधानसभा क्षेत्र में ऐसा कार्य सम्पन्न हुआ ।रावत बारी एकता मंच बस्ती हर्रैया तहसील के अध्यक्ष सतीश कुमार बारी, राहुल बारी, अयोध्या प्रसाद बारी, त्रिलोकी प्रसाद एडवोकेट एवं सत्येन्द्र बारी ने कहा कि शिव कुमार कमल बारी के इस कार्यों का जनपद ही पूरे प्रदेश में चर्चा हो रही है ।

# हाईवे पर लोगों को गाड़ी में बिठाकर लूट करने वाले गैंग का खुलासा

अयोध्या। हाइवे पर राहगीरों को झांसा देकर कार में बैठाने और रास्ते में उनका पैसा व कीमती सामान लेकर फरार हो जाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त एक कार, 25,300 रुपये नकद तथा एक अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर क्षेत्र में दर्ज एक मामले में मुखबिर की सूचना पर उसरू नहर पुलिया, रायबरेली रोड के पास से तीन लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि वे हाइवे पर लोगों को बहला–फुसलाकर अपनी कार में बैठा लेते थे और बातचीत के दौरान उनका पैसा व अन्य कीमती सामान निकाल लेते थे। इसके बाद उन्हें बीच रास्ते में छोड़कर फरार हो जाते थे। पकड़े गए लोगों ने यह भी बताया कि पहचान से बचने के लिए कार के पीछे की नंबर प्लेट हटा दी जाती थी, ताकि कोई फोटो न ले सके। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान अनिल सिंह (निवासी ग्राम मढ़ना, थाना महाराजगंज), आनंद पांडेय (निवासी सालिक पंडित का पुरवा, सनेथू, थाना पूराकलंदर) तथा भास्कर पांडेय उर्फ पप्पू (निवासी सालिक पंडित का पुरवा, सनेथू, थाना पूराकलंदर) के रूप में हुई है। आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# धुरंधर द रिवेंज की नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू, सीक्वल ने तोड़ा पीक्वल का रिकार्ड

रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित सीक्वल, धुरंधर 2, जिसका ऑफिशियल टाइटल धुरंधर द रिवेंज है, 2026 की सबसे बड़ी ओपनर बनने के लिए तैयार है. मेकर्स ने अब नेशनवाइड के लिए भी एडवांस बुकिंग के लिए टिकट काउंटर ओपन कर दिया है. एडवांस बुकिंग को भारत के बड़े बाजारों में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. हालांकि, कई सिनेमा सर्किट तो टिकटों की बढ़ती मांग को पूरा करने में भी मुश्किल महसूस कर रहे हैं.धुरंधर 2 के मेकर्स ने देशभर के फैंस को गुड न्यूज दिया. मेकर्स ने बताया कि धुरंधर 2 का नेशनवाइड एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्टर शेयर करते लिखा है, बिगाड़ने का वक्त आ गया है, धुरंधर द रिवेंज की एडवांस बुकिंग देशभर में खुली है. अभी अपने टिकट बुक करें. धुरंधर द रिवेंज दुनिया भर में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद पर हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम भाषाओं में रिलीज होगी.सैकनिल्क के शेयर किए गए नए अपडेट में बताया कि ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसे शहरों में फिल्म के प्रीमियर से कुछ दिन पहले ही सिनेमाघरों में काफी भीड़ देखी जा रही है. इसे देखते हुए, सिनेमाघर मालिकों ने फिल्म के शुरुआती वीकेंड में और भी शो जोड़ने पर विचार करना शुरू कर दिया है.रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत टिकट पहले ही बिक चुके



हैं, जबकि हैदराबाद में प्री–सेल 75 प्रतिशत के करीब पहुंच गई है और बेंगलुरु में एडवांस बुकिंग में लगभग 60 प्रतिशत सीटें भर चुकी हैं.ट्रेड एनालिस्ट्स का कहना है कि मौजूदा रुझान फिल्म के प्रति जबरदस्त उत्साह को दर्शाता है. डिमांड का यह लेवल 2017 में आई बाहुबली 2रू द कंक्लूजन को मिले माहौल की याद दिलाता है. हालांकि अभी बुकिंग का शुरुआती दौर ही चल रहा है, लेकिन प्रमुख महानगरों में टिकटों की बिक्री की रफ्तार से यह संकेत मिलता है कि यह फिल्म हाल के सालों में रिलीज हुई किसी भी भारतीय फिल्म के मुकाबले बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी ओपनिंग में से एक हासिल कर सकती है.आदित्य धर की इस फिल्म ने सिर्फ पेड प्रीव्यूज से ही भारत में 32 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. सैकनिल्क के अनुसार, 14 मार्च सुबह 10 बजे तक धुरंधररू द रिवेंज ने 9506 शो के लिए 5,44,237 टिकट बेचे हैं, जिससे पेड प्रीव्यू बुकिंग से 27.36 करोड़ रुपये की ग्रॉस कमाई हुई है. वहीं ब्लॉक सीटों के साथ 32.11 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है.इस फिल्म ने अब अपनी ही पिछली फिल्म धुरंधर का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. हालांकि, यह छावा के रिकॉर्ड को तोड़ने से बस जरा सा चूक गई. सैकनिल्क के रिपोर्ट के अनुसार, धुरंधर ने भारत में पहले दिन 28 करोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की थी. जबकि छावा ने घरेलू स्तर पर पहले दिन 33.50 कोड़ रुपये (नेट) की ओपनिंग की. हालांकि धुरंधर और छावा दोनों के ही पेड प्रीव्यू नहीं हुए थे.विदेशों में भी फिल्म की मांग जोर पकड़ रही है. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर वेंकी बॉक्स ऑफिस के अनुसार, फिल्म ने अमेरिका में प्रीमियर के लिए एडवांस बुकिंग से 1.07 मिलियन डॉलर की कमाई कर ली है. यह कमाई 690 जगहों, 1,765 शो और 67,000 से ज्यादा टिकटों की बिक्री से हुई है.ट्रैकर के अनुसार, उत्तरी अमेरिका में प्रीमियर के लिए एडवांस बुकिंग से अब तक लगभग 1.31 मिलियन डॉलर की कमाई हो चुकी है. अगर यही ट्रेंड जारी रहा, तो फिल्म ओपनिंग–डे पर एडवांस बुकिंग से लगभग 2 मिलियन डॉलर और पहले वीकेंड तक लगभग 4.05 मिलियन डॉलर की कमाई कर सकती है. आदित्य धर की निर्देशित धुरंधर द रिवेंज दुनिया भर में 19 मार्च को गुड़ी पड़वा, उगादि और ईद पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. वहीं, 18 मार्च को फिल्म पेड प्रीव्यू होगा. फिल्म में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन आर. माधवन अहम भूमिका में हैं।

# एक्रोमैटोप्सिया से पीड़ित सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा, सुपर वेली फिल्म का फर्स्ट लुक जारी



फिल्मी दुनिया में सुपरहीरो पर आधारित कहानियां हमेशा से दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं। इस कड़ी में अब एक ऐसी फिल्म आने वाली है, जिसमें सुपरहीरो का अंदाज बिल्कुल अलग और अनोखा होगा। अभिनेत्री अदा शर्मा अपनी आगामी फिल्म सुपर वेली में एक ऐसे सुपरहीरो का किरदार निभाने जा रही हैं, जो सुपरहीरो की पावर को गंभीरता से नहीं लेती। उन्होंने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। फर्स्ट लुक के वीडियो से साफ जाहिर है कि इस फिल्म में उनका किरदार थोड़ा आलसी, अजीब और मजाकिया अंदाज वाला है। फिल्म को लेकर पहले से ही दर्शकों के बीच उत्सुकता देखी जा रही है। दरअसल, कुछ दिन पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने मजाक में कहा था कि मैं वेली हूं। आम बोलचाल की भाषा में वेली शब्द का मतलब होता है कि कोई ऐसा व्यक्ति जिसके पास करने के लिए कोई काम न हो या जो खाली बैठा हो। उनके इस वीडियो को कुछ यूजर्स ने गलत तरीके से समझ लिया और कहने लगे कि अदा शर्मा के पास काम नहीं है और वह खाली बैठी हैं।

लेकिन अब, जब अदा शर्मा ने फिल्म के टाइटल का खुलासा किया, तो लोगों को समझ आया कि वह अपनी आने वाली फिल्म का प्रमोशन कर रही थीं।

फर्स्ट लुक वीडियो में वह अपने किरदार के बारे में बताती दिख रही है, वह कहती है, मेरा नाम वेल्ली नहीं वेली है, लेकिन आप मुझे वेल्लीविजिलक्ष्मी कृष्णमूर्ति चंद्रशेखरानवामी अय्यर कह सकते हैं। वह आगे बताती है कि वह एक्रोमैटोप्सिया है यानी कलर ब्लाइंड.. इससे पीड़ित इंसानों को दुनिया केवल काले, सफेद और ग्रे कलर में दिखाई देती है।

सुपर वेली में उनका अंदाज पूरी तरह बदला दिखेगा। यह फिल्म एक ऐसे सुपरहीरो की कहानी दिखाती है, जो पारंपरिक हीरो की तरह जिम्मेदार नहीं है।

फिल्म के फर्स्ट लुक में अदा शर्मा का सुपरहीरो किरदार दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी उठाने से ज्यादा आराम करना पसंद करती है। वह अक्सर सोने या आराम करने के बारे में ही सोचती है, बावजूद इसके किसी न किसी तरह बड़ी घटनाओं के बीच पहुंच जाती है। कभी वह बेहद अनाड़ी लगती है, तो कभी अचानक समझदारी भरा कदम उठाती नजर आती है।

फिल्म का निर्देशन राजेश बच्चानी कर रहे हैं। उन्होंने अदा शर्मा के चयन को लेकर कहा, मुझे अदा की एक्टिंग काफी पसंद है। खास तौर पर फिल्म कमांडो में उनका किरदार मुझे बहुत पसंद आया था। उनमें एक अलग तरह की प्रतिभा है। उनके अभिनय में स्वाभाविकता, समझदारी और हल्का–फुल्का मजाकिया अंदाज भी देखने को मिलता है।

# केजीएफ -कांतारा वाले होम्बले फिल्म्स का बड़ा ऐलान, भारतीय सिनेमा को मिलेगी वैश्विक मंच पर नई उड़ान

भारतीय सिनेमा को केजीएफ ,कांतारा और सालार जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस होम्बले फिल्म्स अब दुनिया फतह करने की तैयारी में है। अपनी जादुई कहानियों से देश का दिल जीतने के बाद, कंपनी ने अब आधिकारिक तौर पर ओवरसीज डिस्ट्रीब्यूशन (विदेशी फिल्म वितरण) के क्षेत्र में उतरने का ऐलान कर दिया है। ये कदम न केवल होम्बले की अपनी फिल्मों, बल्कि देश के अन्य फिल्म निर्माताओं के लिए भी अंतरराष्ट्रीय बाजार के दरवाजे मजबूती से खोलेगा। केजीएफ और कांतारा जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाला प्रोडक्शन हाउस, होम्बले फिल्म्स, अब एक नई भूमिका में नजर आएगा। कंपनी ने अब खुद अंतरराष्ट्रीय वितरक बनने का फैसला किया है। वो सिर्फ अपनी ही नहीं, बल्कि भारत के अन्य फिल्म निर्माताओं की बेहतरीन और बड़ी फिल्मों को भी विदेशी बाजार तक पहुंचाने में मदद करेगा। इसका मकसद भारतीय



कहानियों और संस्कृति को दुनिया के कोने–कोने तक पहुंचाना और विश्व स्तर पर एक मजबूत नेटवर्क तैयार करना ।होम्बले फिल्म्स अब भारत के अन्य छोटे–बड़े प्रोडक्शन हाउस के लिए एक पुल का काम करेगा। इसका मतलब है कि भारत के किसी भी कोने की दमदार कहानी अब दुनिया के सबसे बड़े मंचों पर दिखाई देगी। विदेशों में डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा खुद लेकर प्रोडक्शन कंपनी ये पक्का करना चाहती है कि भारतीय सिनेमा की गूँज दुनिया के हर शहर और हर कोने में सुनाई दे। बता दें कि ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड फिल्म महावतार नरसिम्हा इस प्रोडक्शन हाउस की उपज है।

# द केरला स्टोरी 2 की 16वें दिन भी नहीं थम रही कमाई, बाक्स आफिस पर किया धमाका

द केरला स्टोरी 2 को बॉक्स ऑफिस पर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कमाई में लगातार ग्रोथ देखने को मिल रही है. आइए जानते हैं द केरला स्टोरी 2 ने 16वें दिन कितना कलेक्शन किया है.



सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 16वें दिन यानी तीसरे शनिवार को 2.96 करोड़ का कलेक्शन किया. फिल्म के कलेक्शन में 16 परसेंट की ऑक्यूपेंसी देखी गई. फिल्म के 16वें दिन के कलेक्शन के आंकड़े अभी ऑफिशियल नहीं आए हैं. पर अगर फिल्म ने 16वें दिन 2.96 करोड़ कमाए हैं तो फिल्म का अभी तक का टोटल कलेक्शन 44.76 करोड़ हो गया है.फिल्म ने टोटल 52.23 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है. वहीं 44.76 करोड़ का नेट कलेक्शन किया है.फिल्म के डे वाइज कलेक्शन की बात करें तो द केरला स्टोरी 2 ने 80 लाख से ओपनिंग की थी. फिल्म ने दूसरे दिन 4.75 करोड़ कमाए. तीसरे दिन फिल्म ने 4.80 करोड़ का कलेक्शन किया. चौथे दिन फिल्म ने 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया. पांचवें दिन फिल्म ने 4.05 करोड़, छठे दिन 3.55 करोड़, सातवें दिन 2.78 करोड़, आठवें दिन 2.75 करोड़, नौवें दिन 3.75 करोड़, दसवें दिन 3.30 करोड़, 11वें दिन 1.95 करोड़, 12वें दिन 2.15 करोड़, 13वें दिन 1.60 करोड़, 14वें दिन 1.52 करोड़ का कलेक्शन किया. 15वें दिन फिल्म ने 1.50 करोड़ कमाए.पहले हफ्ते में फिल्म ने 23.28 करोड़ कमाए. दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 17.02 करोड़ कमाए. बता दें कि इस फिल्म में उल्का गुप्ता, अदिती भाटिया, ऐश्वर्या ओझा लीड रोल में हैं. फिल्म को कामाख्या सिंह नारायण ने डायरेक्ट किया है. फिल्म की हर तरफ चर्चा हो रही है. द केरला स्टोरी 2 काफी विवादों में भी रही. फिल्म में तीन ऐसी लड़कियों की कहानी दिखाई जाती है जो दूसरे धर्म में शादी करती हैं. वो अपने परिवार के खिलाफ जाकर शादी करती हैं. शादी के बाद उनकी जिंदगी में बहुत तकलीफें आती हैं और पूरी जिंदगी बदल

# दोस्ताना 2 को मिली नई देसी गर्ल, प्रियंका चोपड़ा की राह पर चलीं सिनी शेट्टी

करण जौहर की फिल्म दोस्ताना में प्रियंका चोपड़ा ने अपनी खूबसूरती और अभिनय से एक यादगार देसी गर्ल की छवि बनाई। उस वक्त प्रियंका मिस वर्ल्ड का ताज जीतकर बॉलीवुड में छा चुकी थीं। सालों बाद दोस्ताना 2 में अब नई देसी गर्ल आ गई है और इतिहास खुद को दोहराता दिख रहा है। प्रियंका के नक्शेकदम पर चलते हुए अब पूर्वमिस इंडिया सिनी शेट्टी, लक्ष्य लालवानी और विक्रांत मैसी संग स्क्रीन शेयर करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। धर्मा प्रोडक्शंस की दोस्ताना 2 अपनी कास्टिंग और बदलावों को लेकर काफी समय से चर्चा में रही है। इसकी शूटिंग सबसे पहले लक्ष्य लालवानी, कार्तिक आर्यन और जाह्नवी कपूर के साथ शुरू हुई थी। निर्माताओं और कार्तिक के बीच अनबन की खबरों के बाद, कार्तिक इस प्रोजेक्ट से अलग हो गए। इस बड़े बदलाव के बाद धर्मा प्रोडक्शंस ने फिल्म को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। अब सालों बाद, फिल्म एक नई स्टारकास्ट के साथ वापसी कर रही है ।इतिहास एक बार फिर खुद को दोहराने जा रहा है। जिस तरह 2008 में मिस वर्ल्ड प्रियंका चोपड़ा ने दोस्ताना में अपनी अदाओं से देसी





गर्ल का खिताब पाया था, अब एक और सौंदर्य प्रतियोगिता की विजेता इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व मिस इंडिया सिनी शेट्टी इस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। सिनी ने साल 2022 में फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड का खिताब अपने नाम किया था ।साल 2025 में फिल्म के पुनरुद्धार के बाद लक्ष्य लालवानी के साथ अब विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। ये विक्रांत की धर्मा प्रोडक्शंस के साथ पहली फिल्म होगी। रिपोर्ट में बताया गया है कि निर्माता सिनी शेट्टी को फाइनल करने से पहले 3 अन्य अभिनेत्रियों के नाम पर विचार कर रहे थे, लेकिन आखिरकार सिनी की प्रतिभा ने उन्हें ये बड़ा मौका दिलाया। अब सिनी फिल्म की देसी गर्ल परंपरा को एक बार फिर पर्दे पर जीवंत करेंगी। सिनी के लिए दोस्ताना 2 मिलना सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक सपने के सच होने जैसा है। दरअसल, सिनी हमेशा से प्रियंका को अपनी प्रेरणा मानती आई हैं। अब कुदरत का करिश्मा देखिए, सिनी को अपनी पहली बॉलीवुड फिल्म उसी फ्रेंचाइजी की मिली है, जिसने प्रियंका को देसी गर्ल बनाया था।

# प्रभास की स्पिरिट में अमेरिकन इंडियन एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की एंट्री, रणवीर की फिल्म में भी आ चुकी हैं नजर

पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों अपनी फिल्म स्पिरिट को लेकर सुर्खियों में हैं, जिसमें प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में पहले दीपिका पादुकोण लीड रोल में थीं, लेकिन निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से कथित मतभेद के बाद वह फिल्म से अलग हो गईं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है, जिससे प्रशंसकों के बीच उत्साह चरम पर पहुंच गया है। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय भी इस मेगा बजट प्रोजेक्ट से जुड़ गए हैं। हाल ही में मेकर्स ने उनका पहला लुक जारी किया। उनके पहले लुक ने सोशल मीडिया पर जबरदस्त हलचल मचा दी है। लेकिन, अब उनसे ज्यादा चर्चा नए पोस्टर में नजर आ रही एक्ट्रेस की हो रही है। पोस्टर में ऐश्वर्या देसाई भी नजर आ रही हैं, जिनकी अब हर तरफ चर्चा है। तो चलिए जानते हैं इस नई–नवेली एक्ट्रेस के बारे में।

स्पिरिट के नए पोस्टर में विवेक ओबेरॉय के साथ नजर आईं एक्ट्रेस ऐश्वर्या देसाई की बात करें तो वह एक भारतीय–अमेरिकी मॉडल हैं। ऐश्वर्या ने पहले मॉडलिंग की दुनिया में नाम कमाया और फिर अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इससे पहले वह वह रणवीर सिंह की फिल्म गली बॉय में भी नजर आ चुकी हैं और साथ ही उन्होंने रैट इन द किचन नाम की एक शॉर्ट फिल्म में भी काम किया है, जिसके लिए उन्हें पुरस्कार भी मिला। अभिनय में आने से पहले, ऐश्वर्या देसाई ने मैरीलैंड विश्वविद्यालय से मार्केटिंग में ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल की थी ।ऐश्वर्या देसाई सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं और आए दिन नए–नए पोस्ट साझा करती रहती हैं। उनकी इंस्टाग्राम बायो की बात करें तो उन्होंने खुद को एक मॉडल, एक्ट्रेस, ब्यूटी एक्सपर्ट और लाइफस्टाइल क्रिएटर बताया है। इंस्टाग्राम पर उनके 36,000 फॉलोअर्स हैं। वह सोशल मीडिया पर अपनी मॉडलिंग की तस्वीरें पोस्ट करती हैं, जिन्हें उनके प्रशंसक खूब पसंद करते हैं ।स्पिरिट में ऐश्वर्या के किरदार की बात करें तो कहा जा रहा है कि उनका किरदार कहानी में अहम भूमिका निभाएगा और फिल्म को एक नया आयाम देगा, हालांकि उनके किरदार को लेकर फिलहाल कोई और जानकारी नहीं है। ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल के बाद, निर्माता भूषण कुमार और निर्देशक संदीप



रेड्डी वांगा अब स्पिरिट को और भी भव्य पैमाने पर पेश करने की तैयारी कर रहे हैं। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित फिल्म स्पिरिट में प्रभास लीड रोल में हैं और उनके साथ तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। प्रकाश राज भी फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म पूरे भारत में आठ भाषाओं में 5 मार्च 2027 को रिलीज होने वाली है।

# सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फिल्म ग्रेटेस्ट आफ आल टाइम्स की रिलीज डेट आउट, 26 मार्च को दुनिया भर में रिलीज

सुदीगली सुधीर की लेटेस्ट फिल्म जी.ओ.ए.टी (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम्स) 26 मार्च को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है, जो एक एंटरटेनिंग सिनेमैटिक एक्सपीरियंस का वादा करती है। फिल्म में दिव्या भारती फीमेल लीड रोल में हैं, और वेदव्यास डायरेक्टर हैं। महातेजा क्रिएशन्स और जयष्णव प्रोडक्शंस के अंडर चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला द्वारा प्रोड्यूस की गई जी.ओ.ए.टी अभी पोस्ट–प्रोडक्शन स्टेज में है ।इस फिल्म में सर्वदमन बनर्जी, नितिन प्रसन्ना, ब्रह्माजी और पृथ्वी जैसे शानदार कलाकार हैं। लियोन जेम्स के म्यूजिक



और मणि शर्मा के बैकग्राउंड स्कोर के साथ, यह फिल्म एक टेक्निकल मास्टरपीस होने का वादा करती है। सिनेमैटोग्राफी रसूल एलोर ने की है, और एडिटिंग विजय मुक्तवरपु ने की है ।प्रोड्यूसर चंद्रशेखर रेड्डी मोगुल्ला ने फिल्म की सफलता पर भरोसा जताया और कहा कि यह सुदीगली सुधीर के करियर में एक मील का पत्थर है। फिल्म के कंटेंट को पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है, और ट्रेलर जल्द ही आने की उम्मीद है। जी.ओ.ए.टी एक कमर्शियल एंटरटेनर है जिसमें आज के युवाओं के लिए एक मतलब का मैसेज है।

फिल्म की टेक्निकल टीम में सनी कुरापति एडिशनल डीओपी, राजीव नायर प्रोडक्शन डिजाइनर और समायरा रेड्डी एन को–प्रोड्यूसर हैं। अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार कास्ट के साथ, जी.ओ.ए.टी दुनिया भर के दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है।

## पैन-इंडिया फिल्म नागबंधम का पहला गाना नमो रे रिलीज, भक्ति और अध्यात्म से भरी फिल्म की झलक ने फैंस का दिल जीत लिया

फिल्म नागबंधम के मेकर्स ने उसका पहला गाना श्नमो रेय् रिलीज कर दिया है, जो सीधे दर्शकों को आध्यात्मिक और भक्तिपूर्ण दुनिया में ले जाता है। यह गाना न केवल संगीत में दमदार है, बल्कि फिल्म की कहानी की नींव और भावनाओं का सार भी पेश करता है। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने लिखा नागबंधम के आध्यात्मिक महाकाव्य के साथ भक्ति की एक नई दुनिया में कदम रखें पहला गाना नमो रे अब रिलीज हो चुका है नमो रे गाने में पारंपरिक भक्ति भाव और शानदार संगीत का मिश्रण है। इसका हर नोट दर्शकों को आस्था और अध्यात्म की अलग दुनिया में ले जाता है। फैंस इस गाने की धुन और भावनाओं में पूरी तरह खो जाते हैं। फिल्म का टीजर भी पहले ही चर्चा में है। इसमें भव्य बैकग्राउंड म्यूजिक, शानदार स्क्रीन प्रेजेंटेशन और पौराणिक दुनिया की झलक दिखाई देती है, जो भारतीय लोक कथाओं और संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। फिल्म की कहानी और निर्देशन अभिषेक नामा ने किया है, जबकि इसे प्रोड्यूस किया है किशोर अन्नपुरेड्डी और निशिता नागिरेड्डी। फिल्म 2026 की गर्मियों में पैन–इंडिया रिलीज के लिए तैयार है।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।